शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 178 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 24 जुलाई 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# बजट: 7.75 लाख तक की इनकम टैक्स फ्री



## बिहार के लिए खोला पिटारा और आंध्र को 15 हजार करोड़ रुपये का ऐलान

### बजट में 7.75 लाख तक की आय कर मुक्त, बिहार के लिए खोला पिटारा और आंध्र को 15 हजार करोड़ रुपये का ऐलान

**नई दिल्ली**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को केंद्रीय बजट 2024-25 लोकसभा में पेश किया। सीतारमण ने लगातार 7वीं बार बजट पेश करने का रिकॉर्ड भी बनाया। वित्त मंत्री ने एक घंटा 23 मिनट के बजट भाषण में वेतनभोगी वर्ग को थोड़ा राहत देने का ऐलान किया। नई कर व्यवस्था चुनने वाले करदाताओं के लिए अब 7.75 लाख रुपये तक की इनकम कर मुक्त हो गई है। वित्त मंत्री ने केंद्रीय बजट में बिहार के लिए 60 हजार करोड़ रुपये से अधिक का प्रस्ताव रखा है। वहीं, आंध्र प्रदेश को 15 हजार करोड़ रुपये की मदद का ऐलान किया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय बजट 2024-25 लोकसभा में पेश करते हुए कहा कि वैश्विक स्तर पर भारत की वृद्धि एक चमकता सितारा बना हुआ है, जो आने वाले वर्षों में ऐसा ही बना रहेगा। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में उधार के अलावा कुल प्राप्तियां 32.07 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान जताया गया है, जबकि कुल व्यय 48.21 लाख करोड़ रुपये अनुमानित है। सीतारमण ने बजट में शुद्ध कर प्राप्तियां 25.83 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान जताया है। वहीं, राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.9 फीसदी रहने का अनुमान व्यक्त किया है केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने वित्त वर्ष 2024-25 के केंद्रीय बजट में बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और आंध्र प्रदेश के लिए बुनियादी ढांचे के विकास के लिए स्पेशल योजना लाने का वादा भी किया। बजट में उन्होंने नई कर व्यवस्था चुनने वाले वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए मानक कटौती को 50 हजार रुपये से बढ़ाकर 75,000 रुपये करने का ऐलान किया है। टैक्स स्लैब में इस बदलाव से करदाताओं को 17.5 हजार रुपये का फायदा होगा। बजट में पारिवारिक पेंशन पर छूट की सीमा 15 हजार रुपये से बढ़ाकर 25 हजार रुपये करने का भी ऐलान किया गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि इन दोनों बदलावों से 4 करोड़ नौकरीपेशा और पेंशनर्स को फायदा मिलेगा। उन्होंने 'आयकर अधिनियम 1961' की व्यापक समीक्षा करने का ऐलान किया, जिससे टैक्स संबंधी विवाद और मुकदमेबाजी कम होगी। इसको 6 महीने में पूरा करने का प्रस्ताव है। बजट में निवेशकों के सभी वर्गों पर लगने वाले एंजल टैक्स को समाप्त करने का प्रस्ताव दिया गया है। इससे देश के स्टार्टअप को फायदा मिलेगा और स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। सीतारमण ने अपने बजट भाषण में कैंसर के इलाज की तीन दवाओं को मूल सीमा शुल्क से छूट दिए जाने का ऐलान किया। उन्होंने मोबाइल फोन उद्योग पर भी छूट देने का ऐलान करते हुए कहा कि मैं मोबाइल फोन और मोबाइल पीसीबीएस तथा मोबाइल चार्जर पर बीसीडी को घटाकर 15 फीसदी करने का प्रस्ताव करती हूं। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण की शुरूआत करने का भी ऐलान किया। इसके तहत 25 हजार ग्रामीण बस्तियों को सभी मौसमों के अनुकूल सड़कें उपलब्ध कराई जाएंगी।

वित्त मंत्री ने केंद्रीय बजट में कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया है। उन्होंने कहा कि सरकार घरेलू संस्थानों में उच्च शिक्षा के लिए 10 लाख रुपये तक के ऋण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार 500 शीर्ष कंपनियों में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करने के लिए एक योजना शुरू करेगी, जिसमें 5000 रुपये प्रति महीने इंटर्नशिप भत्ता और 6 हजार रुपये की एकमुश्त सहायता दी जाएगी। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार अगले 5 साल में बुनियादी ढांचे के लिए मजबूत राजकोषीय समर्थन बनाए रखने का प्रयास कर रही है।

उन्होंने कहा कि पूंजीगत व्यय 11.11 लाख करोड़ रुपये होगा, जो हमारे सकल घरेलू उत्पाद का 3.4 फीसदी होगा। उन्होंने कहा कि वित्तीय घाटा 2024-25 तक सकल घरेलू उत्पाद का 4.9 फीसदी रहने का अनुमान है, जबकि हमारा लक्ष्य घाटे को 4.5 फीसदी से नीचे पहुंचाना है।

### एक करोड़ परिवारों को हर महीने 300 यूनिट तक निशुल्क बिजली मिल सकेगी

**निशुल्क** सौर बिजली योजना पर वित्त मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की शुरूआत की गई है, जिसके तहत छतों पर सोलर पैनल लगाए जाएंगे, जिससे एक करोड़ परिवारों को हर महीने 300 यूनिट तक निशुल्क बिजली मिल सकेगी। यह योजना इसे और बढ़ावा देगी।

सीतारमण ने बजट पेश करते हुए कहा कि हमारी सरकार आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम में की गई प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य की पूंजी की आवश्यकता को समझते हुए, हम बहुपक्षीय एजेंसियों के माध्यम से विशेष वित्तीय सहायता की सुविधा प्रदान करेंगे। चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भविष्य के वर्षों में अतिरिक्त राशि के साथ 15,000 करोड़ रुपये की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार पोलावरम सिंचाई परियोजना के शीघ्र पूरा होने और वित्त पोषण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, जो आंध्र प्रदेश और उसके किसानों के लिए जीवन रेखा है। वित्त मंत्री ने बिहार के लिए पिटारा खोलते हुए हवाई अड्डों सहित अन्य कई परियोजनाओं के लिए 60 हजार करोड़ रुपये से अधिक का प्रस्ताव रखा।

### पीएम जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान, 5 करोड़ आदिवासियों को फायदा मिलेगा

आदिवासी समुदायों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान शुरू किया जाएगा। योजना के तहत आकांक्षी जिलों और जनजातीय बहुल गांवों में जनजातीय परिवारों के पूर्ण कवरेज के लिए कदम उठाए



जाएंगे।

### प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत मौसम अनुकूल सड़कें बनेंगी

इस योजना के चौथे चरण की शुरूआत की जाएगी। इसके तहत 25,000 ग्रामीण बस्तियों को सभी मौसम के अनुकूल सड़कें बनाई जाएंगी।

**पूर्वी क्षेत्र के डेवलपमेंट के लिए 'पूर्वोदय' योजना** -सरकार 2024-25 के लिए पूंजीगत व्यय के लिए 11.11 लाख करोड़ रुपए देगी, जो जीडीपी का 3.4% है।

### मनरेगा एलोकेशन में कोई बदलाव नहीं हुआ

**महात्मा** गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के लिए 86,000 करोड़ के आवंटन का प्रस्ताव रखा, जो अंतरिम बजट के समान राशि है।




**एमएसएमई इंटरनेशल मार्केट में प्रोडक्ट बेच सकेंगे**

पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मोड में ई-कॉमर्स माध्यम से एक्सपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए हब बनाए जाएंगे।

इससे एक छत के नीचे ट्रेड और एक्सपोर्ट-रिलेटेड सर्विसेज की सुविधा मिलेगी।

**ऑनलाइन सामान बेचने वाले ट्रेडर्स पर अब कम टैक्स**

ई-कॉमर्स ट्रेडर्स पर लगने वाले टैक्स को 1% घटाकर 0.10% किया गया है।

ऑनलाइन सामान या सर्विस बेचने वाले किसी भी डीलर को ये टैक्स देना होता है।

### डिफेंस के लिए 4.54 लाख करोड़ रुपए का बजट

- डिफेंस के लिए 4.54 लाख करोड़ रुपए का बजट अलोकेट किया है। यह फरवरी में अंतरिम बजट में मिले 6.21 लाख करोड़ रुपए से 1.67 लाख करोड़ रुपए कम है।
- 1.72 लाख करोड़ रुपए- कैपिटल एक्विजिशन के लिए है। यह डिफेंस बजट का 28% है। वहीं 92,088 करोड़ रुपए- आर्म्ड फोर्स के रेवेन्यू एक्सपेंडिचर के लिए।
- एक करोड़ लोगों को हर महीने 300 यूनिट तक फ्री बिजली फॉर्मूला
- पीएम सूर्योदय योजना के तहत एक करोड़ से अधिक घरों में 300 यूनिट सोलर बिजली फ्री दी जाएगी। अंतरिम बजट में इसकी घोषणा हुई थी।
- इस बजट में बताया गया कि पैदा होने वाली सोलर एनर्जी सीधे उस घर को मिलने के बजाय पहले सप्लाई ग्रिड में जाएगी।
- एक करोड़ गरीब और मध्यम वर्ग परिवारों के लिए घर बनेंगे
- पीएम आवास योजना-शहरी 2.0 के तहत 10 लाख करोड़ रुपए के निवेश से 1 करोड़ गरीब और मध्यम वर्ग परिवारों के लिए घर बनाए जाएंगे।
- सरकार पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल के जरिए इंडस्ट्रियल वर्कर्स के लिए डोर्मिटरी स्टाइल के किराए के घर डेवलप करेगी।
- लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन की छूट 1 लाख से बढ़ाकर 1.25 लाख

इक्विटी इन्वेस्टमेंट में शार्ट टर्म कैपिटल गेन पर टैक्स रेट 15% से बढ़ाकर 20% कर दी गई है।

- लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन पर टैक्स दर 10% से बढ़ाकर 12.5% करने का ऐलान किया गया है।
- लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन की छूट की सीमा को 1 लाख से बढ़ाकर 1.25 लाख कर दिया है।
- हायर एजुकेशन के लिए स्टूडेंट्स को मदद
- स्टूडेंट्स को हायर एजुकेशन के लिए देशभर की संस्थानों में एडमिशन के लिए 10 लाख रुपए तक का लोन दिया जाएगा।

## बजट: एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप और मासिक भत्ता!

**वित्त** मंत्री ने अपने बजट भाषण में कहा कि सरकार एक करोड़ युवाओं को अगले पांच साल में टॉप-500 कंपनियों में इंटर्नशिप का मौका देगी। यह इंटर्नशिप 12 महीने की होगी। इसके तहत युवाओं को हर महीने पांच हजार रुपये का भत्ता भी दिया जाएगा। साथ ही, एकमुश्त मदद के रूप में छह हजार रुपये दिए जाएंगे। कंपनियों को अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत प्रशिक्षण का खर्च और इंटर्नशिप की 10 फीसदी लागत को वहन करना होगा।

**योजना के पहले चरण की अवधि 2 साल**

इस योजना में कंपनियों की भागीदारी स्वैच्छिक है, यानी कंपनियां अपनी मर्जी से इसमें शामिल हो सकती हैं। इस योजना के तहत आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन रहेगी और योग्य उम्मीदवार ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। इस योजना के पहले चरण की अवधि 2 वर्ष होगी जिसके बाद दूसरे चरण की अवधि 3 वर्ष होगी।

**मानदण्डों के आधार पर कंपनियां करेंगी चयन**

वस्तुनिष्ठ मानदण्डों पर आधारित चयन सूची से कंपनी योग्य उम्मीदवारों का करेगी और इस चयन में उन व्यक्तियों पर जोर दिया जाएगा जिनकी रोजगार पाने की क्षमता कम है।

**सरकार और कंपनी करेगी लागत का वहन**

प्रशिक्षण की लागत कंपनी द्वारा सीएसआर निधियों से वहन की जाएगी।



प्रतिवर्ष लागत में सरकारी की भागीदारी मासिक भत्ते के लिए 54000 तथा कंपनी की भागीदारी मासिक भत्ते के लिए सीएसआर निधियों से 6000 रहेगी। प्रशासनिक लागत संबंधित पक्षों द्वारा वहन की जाएगी।

**किसे मिलेगा फायदा**

आज घोषित मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले बजट में घोषणा की गई है कि पांच वर्षों में भारत की शीर्ष कंपनियों में एक करोड़ युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। युवाओं को 5000 के मासिक भत्ते के साथ 12 महीने की प्रधान मंत्री इंटर्नशिप प्रदान की जाएगी। गौरतलब है कि यह उन्हीं व्यक्तियों पर लागू होगी जिन्हें पहले से रोजगार प्राप्त नहीं है और जो पूर्णकालिक आधार पर शिक्षा प्राप्त नहीं कर रहे हैं।

**किसे नहीं मिलेगा फायदा**

इस योजना का लाभ आईआईटी, आईआईएम, आईआईएसईआर, सीए, सीएमए इत्यादि की अर्हता प्राप्त अभ्यर्थी नहीं उठा सकेंगे। इसके अलावा, यदि छात्र/अभ्यर्थी के परिवार का कोई सदस्य आयकर देता है, तो अभ्यर्थी इसके लिए आवेदन करने का पात्र नहीं होगा। अगर अभ्यर्थी के परिवार का कोई सदस्य सरकारी कर्मचारी इत्यादि हो तब भी इस योजना का लाभ नहीं मिल सकेगा। ये अभ्यर्थी नहीं उठा सकेंगे लाभ -

आईआईटी, आईआईएम, आईआईएसईआर, सीए, सीएमए अर्हता प्राप्त अभ्यर्थी

यदि परिवार में आयकर दाता है

यदि परिवार में कोई सरकारी कर्मचारी है

कंपनियों के लिए निर्देश

कंपनी से यह अपेक्षित है कि वह उस व्यक्ति को उस कौशल के संबंध में वास्तविक कार्यकारी अनुभव का अवसर प्रदान करे, जिस कौशल से कंपनी जुड़ी हो।

अभ्यर्थी का कंपनी में कम से कम आधा कार्य समय वास्तविक कार्यकारी अनुभव/रोजगार परिवेश में गुजरना चाहिए न कि कक्षा में।

## सरकार का ध्यान कर दायरा बढ़ाने और कर व्यवस्था को सरल बनाने पर

**नई दिल्ली**

**केन्द्रीय** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को बजट पेश करने के बाद कहा कि सरकार लगातार कर (टैक्स) का दायरा बढ़ाने जोर दे रही है। भारत में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों तरह से कर दायरे का विस्तार करने की जरूरत है। साथ ही उन्होंने कहा कि बजट में केवल कर राजस्व का ही नहीं बल्कि गैर-कर राजस्व संग्रहण भी योगदान दे रहा है। सरकारी कंपनियों का लाभ बेहतर हो रहा है। उनका मूल्यांकन काफी बढ़ गया है और उनके प्रदर्शन में काफी सुधार हुआ है। केन्द्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करने के बाद दोपहर में राष्ट्रीय मीडिया केन्द्र में पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। इसमें उन्होंने कहा कि सरकार केवल कर राजस्व को बढ़ाने ही नहीं बल्कि कर व्यवस्था को सरल करने पर




भी ध्यान केन्द्रित कर रही है। हम कर व्यवस्था की समीक्षा के माध्यम से एक सरल कर व्यवस्था की ओर बढ़ रहे हैं। नई आयकर व्यवस्था पुरानी कर व्यवस्था को सरल बनाने की राह में लाई गई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज बजट घोषणा में संपत्ति की बिक्री पर मिलने वाले इंडेक्सेशन लाभ हटाने की घोषणा की थी। इसका मतलब कि संपत्ति बेचने वाले व्यक्ति अब मुद्रास्फीति का उपयोग करके अपनी खरीद मूल्य को समायोजित नहीं कर पाएंगे, जिससे उनको होने वाला लाभ कम हो जाएगा। इस पर सवाल के जवाब में वित्त सचिव डी.आर. टी.वी.सोमनाथन ने कहा कि रियल एस्टेट, सोना और अन्य संपत्तियों पर पहले इंडेक्सेशन के साथ कर दर 20 प्रतिशत थी। इसे अब बिना इंडेक्सेशन के घटाकर 12.5 प्रतिशत कर दिया गया है। ऐसा करते समय यह माना गया है कि अचल संपत्ति पर रिटर्न की दर आम तौर पर 10 प्रतिशत प्रति वर्ष से ऊपर रहती है और मुद्रास्फीति लगभग 4 प्रतिशत प्रतिवर्ष है। रियल एस्टेट में रिटर्न की वास्तविक दर पहले 6 प्रतिशत और 16 प्रतिशत प्रति वर्ष के बीच रहती है।

ऐसे में विक्रेता का ज्यादा रिटर्न पर कम कर देना पड़ेगा और कम रिटर्न पर मामूली बढ़ोत्तरी होगी। ऐसा करने से कर व्यवस्था अधिक सरल भी हो गई है। वहीं इस बार के बजट में सरकार ने एंजेल टैक्स हटाने का भी फैसला किया है।

**एक करोड़ परिवारों को 300 यूनिट तक फ्री बिजली, ई-व्हीकल की चार्जिंग के लिए चार्जिंग स्टेशन बनेंगे**

### पीएम आवास योजना के अंतर्गत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में तीन करोड़ अतिरिक्त आवासों का होगा निर्माण

**नई दिल्ली**

केन्द्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज संसद में ह्यकेन्द्रीय बजट 2024-25ह्न पेश करते हुए कहा कि देश की जनता ने भारत को सतत विकास के मार्ग पर ले जाने और चहुंमुखी समृद्धि के लिए हमारी सरकार को एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किया है।




उन्होंने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में रहने वालों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत तीन करोड़ अतिरिक्त आवासों के निर्माण की घोषणा की है, जिसके लिए आवश्यक धनराशि का प्रबंध बजट में किया गया है। निर्मला सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के अंतर्गत 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश से एक करोड़ शहरी गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों की घर संबंधी जरूरतों को पूरा किया जाएगा। इसमें अगले 5 वर्षों में 2.2 लाख करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता शामिल होगी। जिसमें किफायती दरों पर ऋण सुविधा के लिए ब्याज सब्सिडी का भी प्रावधान है। किराये पर मिलने वाले आवासों के बारे में बात करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि औद्योगिक कामगारों के लिए निजी सहभागिता योजना (वीजीएफ) सहायता और निजी कंपनियों के साथ साझेदारी मोड में डोरमेट्री जैसे आवास वाले किराए के मकानों की सुविधा प्रदान की जाएगी।

# ईओ के निरीक्षण में सड़कों के निर्माण में मिली खामियां, ठेकेदारों को दी हिदायत

## शास्त्री नगर में चार नंबर की ईंट लगाने तो आजाद नगर में भस्सी से जुड़ाई कराने की हुई थी शिकायत

अखंड भारत संदेश




**कोरांव।** नगर पंचायत कोराव के वार्डों में कराए जा रहे विकास कार्यों में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए मानक के अनुरूप कार्य न कराने की शिकायत सभासदों के द्वारा की गई थी। सभासदों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अधिशासी अधिकारी बंटी कुमारी ने मंगलवार को नगर पंचायत कोरांव के शास्त्री नगर मोहल्ले के सभासद शैलेश सिंह शैलू की शिकायत पर निमार्णाधीन इंटरलॉकिंग सड़क का निरीक्षण किया। जहां ठेकेदार द्वारा चार नंबर की ईंट से जुड़ाई करते पाया गया। अधिशासी अधिकारी बंटी कुमारी ने ठेकेदार को हिदायत देते हुए तत्काल ईंट को बदलवाए जाने व मानक के अनुसार निर्माण कार्य को पूरा करने तथा सभासदों की शिकायतों को गंभीरता से लेने की बात कही। इसी तरह वार्ड नंबर 7 आजाद नगर मोहल्ले में निमार्णाधीन इंटरलॉकिंग सड़क का इओ ने निरीक्षण किया जहां उन्होंने सभासद सूफिया बेगम पत्नी सनवर अली द्वारा की गई शिकायत के अनुरूप मामला सही पाया गया और बार्डर के ईंट की जुड़ाई भस्सी से की जा रही थी। जिस पर उन्होंने तत्काल रोक लगाते हुए मानक के अनुसार जुड़ाई कराने का निर्देश ठेकेदार को दिया। दोनों सभासदों ने नगर पंचायत अध्यक्ष कोरांव पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि अध्यक्ष की निष्क्रियता से नगर के विकास कार्यों में लूट मची हुई है। शिकायतों पर भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे सरकारी धन का धनादोहन जारी है। इस संदर्भ में अधिशासी अधिकारी बंटी कुमारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य में खामियां पाई गई। जिन्हें सुधारने के लिए ठेकेदारों को निर्देशित किया गया है। अगर वे मनमाने तरीके से कार्य करवाएंगे तो उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## किशोरी के साथ दुष्कर्म के मामले में पीड़िता की पैरवी करना वकील को पड़ा महंगा

### फोन पर जान से मारने की धमकी, अधिवक्ता के घर की तोड़ फोड़

**करछना।** थाना क्षेत्र के भुण्डा गांव के अधिवक्ता राजेश कुमार पुत्र पप्पू राम ने किशोरी के साथ घर में घुसकर बदसलूकी और मारपीट के मामले में पीड़िता की पैरवी कर रहे थे जिससे नाराज आरोपी दोनों भाइयों ने फोन पर पैरवी करने को लेकर गाली देते हुए धमकी दी जिस पर अधिवक्ता ने कहा कि मैं वकील हूं मेरे पास जो आएगा मैं उसकी मदद करूंगा जिससे आक्रोशित आरोपियों ने फोन पर ही धमकी दी और सोमवार को घर के बाहर खड़े अधिवक्ता को गाली देते हुए दौड़ा लिया तब तक अधिवक्ता ने घर में घुसकर दरवाजा बंद कर लिया तो उक्त लोगों ने घर तोड़फोड़ करने लगे डायल 112 और थाना प्रभारी को घटना के बाबत जानकारी दी मौके पर डायल 112 को आता देखकर उक्त लोग धमकी दी आज तो बच गए लेकिन आगे नहीं बचोगे। अधिवक्ता ने भुण्डा भुआलपुर के विष्णु कांत उर्फ मुकुंद लाल, अंजनी और शिव संपत उर्फ डॉक्टर पुत्रगण पारसनाथ के खिलाफ मंगलवार को नामजद तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

# पृथ्वी पर स्वच्छ पर्यावरण संतुलन हेतु पौधा रोपण आवश्यक : शैलेश यादव प्रमुख




**जंघई।** प्राथमिक विद्यालय झारी, बरना प्रांगण में ब्लाक प्रमुख प्रतापपुर शैलेश यादव द्वारा पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर शैलेश यादव ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के अभिन्न अंग हैं और स्वच्छ पर्यावरण और पृथ्वी पर पर्यावरण संतुलन हेतु आवश्यक है। स्वैच्छिक रूप से वृक्षारोपण करके वृक्षारोपण अभियान को सफल करने का आह्वान किया और साथ ही जोर दिया की वृक्षों को लगाने के साथ-साथ उनकी रक्षा भी करनी होगी ताकि पर्यावरण स्वच्छ रह सके और बीमारियों से बचाव हो सके और आपदाओं को कम करने के लिए वृक्षारोपण जरूरी है। पर्यावरण को बचाने के लिए हर नागरिक को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए ताकि पृथ्वी पर प्राकृतिक संतुलन बना रहे ताकि प्राकृतिक वातावरण शुद्ध एवं स्वच्छ रहे। अगर समय रहते प्रकृति को नहीं बचाया गया तो आने वाले दिनों में पृथ्वी पर निवास करने वालो को जल एवं वायु संकट से जूझना पड़ेगा अतः प्रकृति को बचाने के लिए आम लोगों को प्राकृतिक की रक्षा करने के लिए जागरूक किया जाना चाहिए। जिलाध्यक्ष रोजगार सेवक संघ प्रयागराज अरुण यादव ने कहा कि पर्यावरण को प्रदूषण से रोकना है तो पेड़ पौधे लगाना अति आवश्यक है, उन्होंने कहा कि जहां एक ओर पेड़ पौधे हमें फल और छाया देते हैं, वहीं पेड़ पौधों से हमें विभिन्न प्रकार की औषधियां मिलती हैं चाहे कोई भी दवा हो, कहीं न कहीं प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से वनस्पतियों से जुड़ी हुई होती है। प्रधान झारी जय कुमार यादव मुन्ना ने कहा कि पेड़ पौधे इस धरा के अनमोल आभूषण होते हैं उनसे ही मनुष्य का जीवन आगे बढ़ता है इनके अभाव में जीवन संभव नहीं है प्रत्येक व्यक्ति को चाहिए कि पेड़ पौधे अवश्य लगाएं साथ ही उनकी रक्षा करें। इस अवसर पर प्रधान पुत्र जंघई अमित कुमार, प्रधानाचार्य रामप्रकाश प्रजापति, संदीप कुमार, संगीता देवी, डॉ कमलेश यादव, हिमांचल यादव, ग्राम पंचायत सदस्य बलवंत सिंह, सालिकराम भारतीया, जंगाली गौड़ एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं सफाई कर्मी उपस्थित रहे।

# सहायक पुलिस आयुक्त मेजा ने जनसुनवाई में शिकायत कर्ताओं की सुनी समस्याएं दिए निर्देश



**मेजा।** सहायक पुलिस आयुक्त मेजा रवि कुमार गुप्ता ने मंगलवार को कार्यालय में आए हुए शिकायतकताओं की शिकायत को सुना और संबंधितों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देश दिए। इस दौरान मेजा मांडा एवं कोरांव थाना प्रभारियों को भी लायन आर्डर चुस्त दुरुस्त रखने हेतु कड़े निर्देश दिया। और कहा कि अपराध नियंत्रण ही पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके लिए क्षेत्र में गस्त की प्रकिया में तेजी लाये और सघन चेकिंग अभियान चलाकर अपराधियों की धर पकड़ करना सुनिश्चित करें। एसीपी मेजा ने सख्त लहजे में हिदायत देते हुए कहा कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं जाएगी। इतना ही नहीं जनसुनवाई के दौरान उन्होंने शिकायत कताओं आश्वासन देते हुए कहा कि किसी विशेष परिस्थिति में शिकायत कर्ता सीधे उनके सीओजी नंबर पर काल करें उनकी समस्याओं का निराकरण अवश्य किया जाएगा। इस मौके पर भारतीय पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा उमेश चंद्र द्विवेदी पत्रकार लल्ला सिंह के अलावा कई विभागीय स्टाफ के लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## घर में अकेली किशोरी के साथ दुष्कर्म का प्रयास, नामजद शिकायत

**करछना।** प्रयागराज थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में 18 जुलाई को घर में अकेली किशोरी को देखकर पड़ोसी युवक घर में घुस गया और उसे पीछे से पड़कर मुंह में कपड़ा बांध दिया और उसके साथ गलत काम करने का प्रयास करने लगा तभी उसकी मां आ गई और जोर-जोर से चिल्लाने लगीं तब तक आरोपी युवक का भाई भी आ गया और आरोपी और उसका भाई दोनों मिलकर मां बेटी को मारने लगे आसपास के लोगों की आने पर उक्त लोग गाली देते हुए धमकी दी की कही शिकायत की तो पूरे परिवार को जान से मार दूंगा और वहां से चले गए। पीड़िता नाबालिक किशोरी की मां ने आरोपियों के विरुद्ध तहरीर दी है जिस पर पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है। वही पीड़ित परिवार भयभीत है।



# सूखी माइनर में पानी न छोडे जाने से किसानों ने दिया धरना

**मऊआइमा।** मऊआइमा विकास खण्ड क्षेत्र में सूखी माइनरों में पानी न आने से नाराज किसानों ने माइनर पर खडे होकर धरना प्रदर्शन किया। मऊआइमा क्षेत्र के खंड 39 छाता माइनर से बरईपुर,धरौता, घीनपुर, महमदपुर,राम सहाय का पूरा,नई बाजार,मोहन का पूरा आदि दर्जनों गांवों को जाने वाली माइनरों में पानी न छोडे जाने सूखी पडी हुई है जिससे नाराज किसानों ने माइनर पर खडे होकर धरना प्रदर्शन किए।इस अवसर पर पूर्व प्रधान भागेलू राम , हकीम उद्दीन, दिनेश कुमार, रामचन्द्र पटेल, राधेश्याम यादव, चन्द्र बलि यादव,बबलू यादव, पन्ना लाल आदि ने धरना प्रदर्शन करते हुए जल्द पानी छोडे जाने की मांग की है। किसानों का कहना है कि पानी न आने से धानों की रोपाई नहीं हो पा रही है।नहर विभाग के एस डीओ राकेश कुमार तथा जेई गौरव सिंह ने बताया कि जल्द ही माइनरों में पानी छोडा जाएगा।

## न्यूज झरोखा

### हर हर महादेव से गुंजायमान हुआ कुंदौरा धाम



**धनूपुर।** सावन के पहले सोमवार को भक्तों ने कुंदौरा महादेव मंदिर में भोर से जलाभिषेक किया जिसमें दूध, दही, घी, विल्व पत्र, गंगाजल, रोरी, रक्षा, फल, फूल, मिष्ठान चढ़ाकर भोलेनाथ को प्रसन्न किया भगवान शिव की पूजा करने से सभी कष्टों से मुक्ति मिलती है। भोलेनाथ का सबसे प्रिय महीना सावन शुरू हो गया है इस पूरी अवधि में भगवान शिव और मां पार्वती की पूजा होती है। ऐसी मान्यता है कि शिव पूजन के लिए श्रावण मास बहुत ही कल्याणकारी माना जाता है। सावन का महीना अपने आप में बेहद शुभ माना जाता है। इस पूरे महीने सोमवार व्रत रखना बहुत फलदायी माना जाता है, जिसका लोग भक्ति और भाव के साथ पालन करते हैं साथ ही भगवान शिव और देवी पार्वती की पूजा करते हैं। ऐसी मान्यता है कि यह समय शिव पूजा के लिए बहुत ही शुभ होता है। कुंदौरा महादेव मंदिर ट्रस्ट की ओर से सावन में लगने वाले मेले की सभी तैयारियां मंदिर ट्रस्ट की ओर से की गई है। कुंदौरा महादेव मंदिर ट्रस्ट की तरफ से श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन 6 अगस्त से 12 अगस्त तक कथा, पूणार्हुति हवन, महाप्रसाद का आयोजन किया गया है। जिसमें कथा व्यास सुश्री प्रज्ञा देवी श्रीधाम वृंदावन, आचार्य सुरेश द्विवेदी, भजन गायिका प्रियंका देवी होंगी। कार्यक्रम आयोजक एवं सहयोगियों में हरिप्रसाद मिश्र प्रधान, अशोक तिवारी पूर्व प्रधान, काशीनाथ शुक्ला, बालकृष्ण तिवारी पूर्व प्रधान, राजकुमार तिवारी, हीरामणि तिवारी, अवधेश शुक्ला शेरा, दुर्गेश शुक्ला, देवदास पांडेय, कल्लू नेता चीनी पांडेय, शिवा पांडेय, हरिशंकर पांडेय आदि लोग सहयोग में मौजूद रहे।

### मोबाइल की दुकान का शटर तोड कर चोरों ने लाखों का मोबाइल नगदी चोरी कर ले गए




**मऊआइमा।** मऊआइमा क्षेत्र में चोरों के हौसले पूरी तरह बुलंद है।बीती रात चोरों ने एक मोबाइल की दुकान का शटर तोड कर लाखों की चोरी करने में सफल रहे। भुक्तभोगी ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम महरौंडा पट्टी निवासी विजेन्द्र कुमार पुत्र राम बचोले यादव गांव के समीप के जी एन कार्केट में यादव टेलीकाम के नाम से दुकान खोले हुए है। विजेन्द्र कुमार के मुताबिक मंगलवार को सुबह वह अपनी दुकान खोलने गया तो देखा कि दुकान का बल्ब बुझा है।तथा शटर टूटा हुआ है।जब दुकान में दाखिल हुआ तो देखा कि दुकान में रखा इन्वटर बैट्री,आठ टच मोबाइल, लैपटॉप,बारह छोटी मोबाइल,फिंगर प्रिंट्र ,डिवाइस, पांच हजार रुपए नगदी सहित लगभग दो लाख की चोर चोरी कर ले गए। विजेन्द्र कुमार ने इसकी सूचना 112 नम्बर की दी। और मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है।

### मामूली बात को लेकर युवक को किया लहूलुहान

**मऊआइमा।** दबंगो ने मामूली बात को लेकर एक युवक को मार पीट कर लहुलुहान कर दिया। पुलिस ने तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा कस्बा के मोहल्ला पूरे मियां जी पुराना बस अड्डा निवासी मोहम्मद आमिर पुत्र मोहम्मद रईस का आरोप है कि मामूली बात को लेकर उसे मोहल्ला के दबंग युवकों ने मार पीट कर लहुलुहान कर दिए। आमिर ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर कुलदीप, अरबाज, संजय के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

### फूलपुर में आज दिव्यांगजनों के लिए चिन्हाकन शिविर का आयोजन

**प्रयागराज।** जनपद के दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजनान्तर्गत विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरण एवं बनावटी हाथ-पैर/कैलीपर्स आदि के चिन्हॉकन हेतु विकास खण्ड स्तर पर विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसमें दिनांक 22.07.2024 को विकास खण्ड परिसर होलागढ, दिनांक 23.07.2024 को मऊआइमा, दिनांक 24.07.2024 को फूलपुर, दिनांक 25.07.2024 को हण्डिया, दिनांक 26.07.2024 को बहादुरपुर, दिनांक 27.07.2024 को बहरिया, दिनांक 29.07.2024 को चाका, दिनांक 30.07.2024 को धनूपुर, दिनांक 31.07.2024 को करछना, दिनांक 01.08.2024 को कौडिहार, दिनांक 02.08.2024 को मेजा, दिनांक 05.08.2024 को कोरांव, दिनांक 06.08.2024 को सैदाबाद, दिनांक 07.08.2024 को शंकरगढ, दिनांक 08.08.2024 को सोरांव, दिनांक 09.08.2024 को उरूवा, दिनांक 12.08.2024 को सहसों, दिनांक 13.08.2024 को श्रृग्वेरपुरधाम एवं दिनांक 14.08.2024 को भगवतपुर में चिन्हॉकन शिविर का आयोजन किया जायेगा। चिन्हॉकन शिविर में ऐसे दिव्यांगजन जिन्हें 03 वर्ष पूर्व योजना का लाभ प्राप्त हुआ है को वर्तमान वर्ष में सहायक उपकरण-ट्राईसाइकिल, व्हील चेयर, कान की मशीन, ब्रेल किट, स्मार्ट केन, कैलीपर्स एवं बनावटी हाथ-पैर आदि सहायक उपकरण से लाभान्वित करने हेतु पात्र दिव्यांगजनों के चिन्हॉकन कें साथ ऐसे दिव्यांगजन जिनके दिव्यांगता प्रमाण पत्र अभी तक नहीं बने हुए हैं, के दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं यूनिक डिसएबिलिटी कार्ड (यू0डी0आई0डी0) बनाये जाने की कार्यवाही पूर्ण की जायेगी। शिविर में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उ0प्र0 द्वारा संचालित अन्य कल्याणकारी योजनाएँ यथा-दिव्यांग पेंशन, शादी प्रोत्साहन पुरस्कार, दुकान निर्माण/संचालन एवं करेक्टिव/ कॉक्लियर इम्प्लाण्ट सर्जरी, योजनान्तर्गत पात्र दिव्यांगजनों का चिन्हॉकन किया जायेगा, जिन्हें वर्तमान वित्तीय वर्ष में लाभान्वित करने की कार्यवाही पूर्ण की जायेगी।शिविर में लाभ प्राप्त करने हेतु दिव्यांगजन आय प्रमाण पत्र, बैंक पास बुक, आधार कार्ड दिव्यांगता प्रमाण पत्र/यू0डी0आई0डी0 कार्ड की छाया प्रति एवं दिव्यांगता प्रर्दशित करती हुए 04 पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ उपस्थित होकर पंजीकरण की कार्यवाही पूर्ण करा सकते हैं। यह जानकारी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अशोक कुमार गौतम ने दी है।

# विकासखंड परिसर सहसों में किया गया पौधारोपण



**सहसों।** स्वच्छ वातावरण, शुद्ध प्राणवायु के साथ मानव जीवन, जीव जंतु , पशु-पक्षियों का जीवन हरियाली की साथ हरा भरा रहे। जिसको देखते हुए विकासखंड सहसों के परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर फूलपुर के सांसद प्रवीण पटेल की पत्नी गोल्डी पटेल एवं ब्लॉक प्रमुख सहसों गीता सिंह ने परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए। इस अवसर पर उन्होंने कहा हर एक व्यक्ति को जागरूक होकर अधिक से अधिक पौधे लगाएं इसलिए कि अच्छे स्वास्थ्य, स्वच्छ पर्यावरण एवं शुद्ध वातावरण के लिए पौधों की जीवन रक्षा हेतु अति आवश्यक है। पौधे हमें हरा भरा जीवन के साथ शुद्ध प्राणवायु प्रदान करते हैं। इस मौके पर वरिष्ठ लिपिक विजय बहादुर ने बताया कि विकास खंड के अंतर्गत आने वाले सभी गांव में पर्यावरण सुरक्षा एवं हरे भरे वातावरण के लिए 93300 पौधे लगाकर उन्हें संरक्षित किया जाएगा। पौधारोपण के इस मौके पर भाजपा नेता राकेश बहादुर सिंह, एडीओ पंचायत दिनेश चौरसिया, समाज सेवी पिन्टू दुबे, ग्राम प्रधान बहादुर सिंह, ग्राम प्रधान लवलेश मिश्रा, सत्यम सिंह एवं कृष्ण कुमार चौरसिया सहित आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद से रहे।

## कक्षा आठ तक मान्यता लेकर इंटर मीडिएट तक कक्षाएं चलाने की शिकायत

**मऊआइमा।** मऊआइमा क्षेत्र में वैसे अनेकों विद्यालय बिना मान्यता की चल रही है।एक विद्यालय पर कक्षा आठ तक मान्यता लेकर इंटरमीडिएट तक चलाने की लिखित शिकायत डीएम, जिलाविद्यालय निरीक्षक से की गयी है। मऊआइमा क्षेत्र में बिना मान्यता प्राप्त विदायलोबक्स की बाढ आ गयी है। बताया गया है कि कोई कक्षा पांच तक मान्यता लेकर हाईस्कूल तक चला रहा है तो कोई कक्षा आठ तक संचालित कर रहा है। मऊआइमा के एक कालेज द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक,डीएम आदि को लिखित शिकायतीपत्र देकर यह शिकायत की है मऊआइमा के ग्राम बसदेहया स्थित एक विद्यालय को कक्षा आठ तक मान्यता दी गई है। आरोप है कि वह इंटर मीडिएट तक धड़ल्ले चला रहे हैं। आरोप है कि बिना ट्रेनिंग याफ़्ता, बिना डिग्री के शिक्षकों द्वारा बच्चों के भविष्य को बर्बाद कर रहे हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक और डीएम से ऐसे विद्यालयों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गयी है।

# जयंती पर याद किए गए पंडित चंद्रशेखर आजाद



**सहसों।** सरस्वती ज्ञान मंदिर गारापुर में नवयुवक ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में मंगलवार को विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के साथ नव युवक ब्राह्मण समाज के संस्थापक/ अध्यक्ष पंडित लवकेश मिश्रा ने वीर बलिदानी एवं महान क्रांतिकारी पंडित चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनकी जयंती मनाई तथा याद करते हुए उन्हें शत-शत नमन किया। इस अवसर पर पंडित लवकेश मिश्रा ने उपस्थित छात्राओं को आजादी के वीर सपूत, स्वतंत्रता संग्राम आन्दोलन के वीर क्रांतिकारी, बलिदानी पंडित आजाद के जीवन व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा आज हम सबको ऐसे वीर क्रांतिकारी एवं देश के वीर सपूत के पद चिन्हों एवं आदर्शों पर चलकर भटके हुए देश व समाज को एक सूत्र में बांधकर बचाया जा सकता है। जयंती मनाने वालों में प्रमुख रूप से संगठन मंत्री कृष्ण बल्लभ द्विवेदी, महामंत्री प्रमोद कुमार शुक्ला, प्रदेश उपाध्यक्ष राम शिरोमणि मिश्रा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अमन मिश्रा, संरक्षक रामचंद्र गिरी, विद्यालय प्रबंधक राकेश सिंह भदौरिया एवं विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं सहित छात्र छात्राएं व आदि लोग उपस्थित रहे।

# जसरा में मनाया गया पूर्व सांसद रीता बहुगुणा जोशी का जन्मदिन




**जसरा।** प्रयागराज के विकास में रीता बहुगुणा जोशी की योगदान को हमेशा याद किया जाएगा । डॉ० रीता जी के नेतृत्व में यमुनापार की रुकी हुई विकास यात्रा की शुरूआत हुई । उक्त बातें प्रयागराज की पूर्व सांसद डॉक्टर रीता बहुगुणा जोशी के 75 वें जन्मदिवस के अवसर पर जिला सहकारी बैंक लिमिटेड प्रयागराज के डायरेक्टर अनू मिश्रा ने क्रय विक्रय सहकारी समिति जसरा में कहीं। समिति के अध्यक्ष विनोद मिश्रा ने बताया कि रीता जी के कथनी और करनी में अंतर कभी नहीं रहा। इसी तरह जसरा लाइन पार में हेमवती नंदन बहुगुणा स्मृति समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम को जितेंद्र गुप्ता ने कहा कि दीदी जी कभी भेदभाव को लेकर कार्य नहीं किया। जितेन्द्र गुप्ता ने आगे कहा कि बहुगुणा जी के परिवार द्वारा यमुना पार के विकास की जो खाका तैयार किया गया है उसे पूरा कराने की जिम्मेदारी बहुगुणा स्मृति समिति के हर कार्यकर्ता की है। खेतों को नहरों से जोड़ने तथा गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ने के साथ पूरे जमुनापार की सबसे बड़ी समस्या जसरा रेलवे क्रॉसिंग पर लगने वाली जाम की समस्या का हल करते हुए बाईपास के निर्माण के लिए डॉक्टर रीता बहुगुणा जोशी लंबे अरसे तक याद की जायेंगी । इस अवसर पर डॉक्टर रीता बहुगुणा जोशी के चित्र के समक्ष केक काट करके उनकी 75 वीं जन्मदिवस की बधाई दिया गया तथा उनके अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना की गई । इस अवसर पर प्रमुख रूप से आनंद कुमार ,श्याम कुमार शुक्ला ,नितेश केसरवानी , प्रमोद कुमार , विनय केसरवानी , हर्ष जायसवाल , राघव केसरी , अनुपम केशरवानी सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## विभिन्न कार्यक्रमों से मनाया जाएं शिक्षा सप्ताह : खण्ड शिक्षा अधिकारी धनूपुर

**धनूपुर।** भारत में नई शिक्षा नीति लागू होने के चार वर्ष पूर्ण होने महानिदेशक स्कूल शिक्षा के आदेशानुसार मनाया जाएगा। उक्त आदेश के अनुक्रम में विकास खण्ड धनूपुर के खंड शिक्षा अधिकारी शैलपति यादव के निर्देशन में 22 जुलाई से 28 जुलाई 2024 तक मनाने हेतु विकास खण्ड के समस्त विद्यालय प्रमुखों को आदेशित किया। कार्यक्रम के अंतर्गत 22 जुलाई को टीएलएम दिवस, 23 को एफएलएन दिवस, 24 जुलाई को खेल दिवस,25 जुलाई को सांस्कृतिक दिवस, 26 जुलाई को स्किल और टेक्नोलॉजी दिवस, 27 जुलाई को इको क्लब फार मिशन लाइफ दिवस, और 28 जुलाई को कम्युनिटी इनवॉलमेंट दिवस के रूप में विभिन्न गति विधियों के माध्यम से बच्चों के साथ मनाने हेतु निर्देशित किया।

# नवनियुक्त एसडीओ ने संभाला कार्यभार

अखंड भारत संदेश



**सिरसा।** सिरसा में नवनियुक्त एसडीओ सत्य प्रकाश मिश्रा ने कार्यभार संभाल लिया। निवर्तमान एसडीओ अमित कुमार सिंह ने उन्हें पदभार सौपा। मौके पर उपस्थित अधिकारी व कर्मियों ने उन्हे गुलदस्ता देकर स्वागत किया। नवनियुक्त एसडीओ ने बताया कि विधि व्यवस्था का प्राथमिकता के तौर पर संधारण किया जाएगा। आपूर्ति व्यवस्था को भी चुस्त दुरुस्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आमलोग जो किसी तरह का न्याय चाहते हैं उनके लिए एसडीओ प्रकोष्ठ हमेशा खुला हुआ है। उन्होंने ने कहा कि मीडिया के माध्यम से आम जनता से अपील की कि अगर आपको कोई शिकायत है तो उन्हें जरूर सूचित किया जाए। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के बाद भौगोलिक जानकारी लेकर वे सभी विभागों को पटरी पर लाने के लिए सभी विभागों का औचक निरीक्षण करेंगे। जिसमें बिजौरा पावर हाउस जेई इन्द्र मणि सरोज,शिवकुमार सहित बिजली विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

# कार्यों की समीक्षा के दौरान आयुष राज्य मंत्री बोले- दवाओं की कमी न होने दें

## अस्पतालों के लिए जमीन दी जाए, प्रयागराज में समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालू ने मंगलवार को सर्किट हाउस के सभागार में आयुर्वेद, होम्योपैथ, यूनानी, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने आयुर्वेद विभाग की समीक्षा करते हुए अस्पतालों में जमीन, दवा की उपलब्धता, ओपीडी, हर्बल गार्डेन व प्रस्तावित 50 बेड के हॉस्पिटल की प्रगति के बारे में जानकारी ली। कहा कि जो हॉस्पिटल किराये के भवन में संचालित हो रहे हैं, उनके लिए जमीन की उपलब्धता जल्द से जल्द कराई जाए और दवाओं की उपलब्धता बनाये रखने का विशेष ध्यान दें।उन्होंने कहा कि जहां पर ओपीडी अधिक है, वहां पर कम ओपीडी वाले स्थानों से दवाओं की पूर्ति कर बैलेंस बनाये रखने के साथ ही साथ यदि किसी क्षेत्र विशेष में किसी दवा की विशेष आवश्यकता हो, तो उस दवा की उपलब्धता वहां पर अवश्य बनाए रखी जाये। उन्होंने कहा कि जिन अस्पतालों में अपनी विभागीय जमीन उपलब्ध है, वहां पर हर्बल गार्डेन बनाये और उनमें हर्बल पौधे ही लगाये जाये।

## पुराने पुल में कार की टक्कर से घायल मजदूर की इलाज के दौरान मौत

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के पुराने पुल में तेज रफ्तार कार की टक्कर से शहर से नैनी की तरफ लौट रहे मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया घायल अवस्था मे उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया जहाँ इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार सोनू पटेल (33) पुत्र चिरौंजी लाल पटेल निवासी नया पुरवा नैनी का रहने वाला था। मेहनत मजदूरी व पुताई का काम करके अपने परिवार के साथ जीवन यापन कर रहा था। मंगलवार की देर रात शहर से मजदूरी करने के बाद नैनी पुराने यमुना पुल से रौंग साइड वापस लौट रहा था । तभी शहर की तरफ जा रही तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी। उसके बाद उसे गंभीर अवस्था मे अस्पताल में भर्ती कराया गया जहाँ इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# प्रदर्शनी में ग्लोबल वार्मिंग से होने वाली सम्याओं की दी जानकारी



**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** अंदावा स्थित न्यू टाउन हॉल पब्लिक स्कूल में आयोजित सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी में कक्षा छठवीं से दसवीं तक के विद्यार्थियों ने क्रियाशील एवं अक्रियाशील मॉडल बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए मॉडल ग्लोबल वार्मिंग, बेरोजगारी, पर्यावरण, बांध, 1857 की क्रांति, भूकंप, जल, मिट्टी एवं वायु में दिनों दिन बढ़ता प्रदूषण और उससे मानव शरीर पर होने वाले दुष्प्रभाव, मौलिक अधिकार, सिंधु घाटी सभ्यता, गरीबी, और बाल विवाह जैसे विषयों पर आधारित थे जिनकी सब ने प्रशंसा की। विद्यार्थियों ने प्रदर्शनी के माध्यम से समाज में जागरूक करने का प्रयास किया। कार्यक्रम का संचालन श्रेया जयसवाल एवं विकास ने किया। इस मौके पे विद्यालय की निर्देशिका रोमिला रस्तोगी, शुभि रस्तोगी, प्रधानाचार्य शालिनी श्रीवास्तव, रुझान रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

# घर से साइकिल द्वारा दवा लेने गए विक्रम सिंह आखिर कहां गए

**उन्हे धरती खा गई या आसमान निगल गया बीते चार दिन से पिता की तलाश में दर दर भटक रहे बेटे मोहित सिंह ने अंततः एयरपोर्ट पुलिस से लगाई गुहार**



**प्रयागराज।** घर से साइकिल द्वारा दवा लेने गए एक बुजुर्ग की रहस्यमय परिस्थितियों में लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। बीते चार दिन से पिता की तलाश में दर – दर भटक रहे बेटे मोहित सिंह एवं परिजनों ने किसी अनहोनी की आशंका से थाना एयरपोर्ट में शिकायत दर्ज करते हुए लापता पिता को बरामद किए जाने की गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रयागराज के एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के मोहीउद्दीनपुर अमरायन गांव निवासी मोहित सिंह पुत्र विक्रम सिंह ने मंगलवार को थाना एयरपोर्ट में लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए इस बात का उल्लेख किया है कि उनके पिता विक्रम सिंह घर पर रहकर खेती किसानी का कार्य करते हैं। बीते 19 जुलाई को दोपहर उनके पिता विक्रम सिंह उम्र लगभग 70 वर्ष घर से साइकिल द्वारा दवा लेने के लिए निकले थे किंतु वे आज तक वापस लौटकर घर नहीं आए। जबकि इस दौरान मोहित सिंह व उनके अन्य परिजनों ने कई संभावित स्थानों पर काफी खोज बीन किया लेकिन उनके पिता का कही अता पता नहीं चला। गौरतलब है कि एयरपोर्ट पुलिस को दी गई शिकायत में मोहित सिंह ने इस बात का भी जिक्र किया है कि खोजबीन के दौरान जिस साइकिल से उनके पिता विक्रम सिंह निकले थे वह साइकिल असरायें कला ईंट भट्ठे के पास स्थित उनके रिश्तेदार विश्वनाथ प्रताप सिंह उर्फ सिद्धू निवासी ग्राम भोजपुरवा जिला कौशांबी की दुकान पर मिली रिश्तेदार से भी वे दवा लेने की बात बोलकर साइकिल छोड़ ईरिक्शा पर बैठकर जकशन रुट की तरफ निकले थे। प्रकरण के बाबत मोहित सिंह की बातों को सच माना जाय तो वे और उनके अन्य परिजन पिता के साथ किसी अनहोनी को लेकर काफी परेशान होकर एयरपोर्ट पुलिस से गुहार लगाते हुए पिता विक्रम सिंह को बरामद किए जाने की गुहार लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है।

## डॉक्टरों के 60 साल रिटायरमेंट की याचिका पर मांगा जवाब

**सरकार को दो हफ्ते का मिला समय, हाईकोर्ट में आयुष डाक्टरों ने दायर की है याचिका**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 60 साल में सेवानिवृत्त करने के खिलाफ आयुष विभाग के डाक्टरों की याचिका पर राज्य सरकार से दो हफ्ते में जवाब मांगा है। हाईकोर्ट ने कहा है कि 31 जुलाई को सेवानिवृत्त होने वाले प्रथम याची की याचिका मंजूर होने पर पुर्नबहाल किया जाएगा। याचिका का अगली सुनवाई 12 अगस्त को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति जे जे मुनीर ने डा अशोक कुमार व 20 अन्य डाक्टरों की याचिका की सुनवाई करते हुए दिया। याचियों का कहना है कि ऐसे ही मामले में डा अजित कुमार केस में हाईकोर्ट ने 60 साल में सेवानिवृत्त न करने का आदेश दिया है। इसलिए याचियों को भी इसका लाभ दिया जाय। कोर्ट ने अगली तिथि पर केस की रिपोर्ट मांगी है।कोर्ट ने आदेश की प्रति प्रमुख सचिव आयुष विभाग लखनऊ, प्रमुख सचिव वित्त लखनऊ व डायरेक्टर आयुर्वेदिक एवं यूनानी सेवा उ प्र को सिविल जज सीनियर डिवीजन लखनऊ के मार्फत प्रेषित करने का आदेश दिया है।



# संपूर्ण समाधान दिवस पर नगर आयुक्त ने सुनी शिकायतें

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज, चन्द्रमोहन गर्ग द्वारा मंगलवार को जन सुनवाई करते हुए नगर निगम में आये हुए फरियादियों की शिकायतों को सुना गया, जिसमें कुल 46 शिकायतें प्राप्त हुई। जनशिकायतों के अविलम्ब गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण कराये जाने हेतु नगर आयुक्त द्वारा सम्बन्धित अधिकरियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये, और यह भी निर्देशित किया गया कि गुणवत्ता पूर्ण शिकायतों का निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलिता न बरती जाय। सम्भव जन सुनवाई बैठक के दौरान अपर नगर आयुक्त दीपेन्द्र यादव, उप नगर आयुक्त अनुपम शुक्ला, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 अभिषेक सिंह, पशुधन अधिकारी डा0 विजय अमृत राज तथा मुख्य अभियन्ता विद्युत संजय कटियार, मुख्य अभियन्ता सतीश कुमार, जलकल महाप्रबंधक गौरव कुमार, लेखाधिकारी अक्षय कुमार समस्त जोनल अधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता निर्माण तथा विद्युत, सचिव नगर आयुक्त तथा अवर अभियन्ता सहित नगर निगम के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पूर्व सांसद फिल्म स्टार निरहू का महापौर ने किया स्वागत



**हनुमानगंज।** धनैचा मलखनपुर स्थित आशुतोष मेमोरियल स्कूल में भोजपुरी सुपर स्टार पूर्व सांसद दिनेश लाल यादव उर्फ निरहू से महापौर गणेश केशवानी ने मुलाकात कर उनका स्वागत किया। इस दौरान महापौर ने दिनेश लाल यादव से राजनीतिक व सामाजिक विषयों पर चर्चा की और अपने कार्यकताओं से भी उनका परिचय कराया। महापौर गणेश केशरवानी आशुतोष मेमोरियल स्कूल में वृक्षरोपण कार्यक्रम बतौर मुख्य अतिथि पहुचे थे। उन्होंने वृक्षरोपण कर स्कूल के बच्चों को वृक्षो के महत्व को बताते हुए कहा कि वृक्ष हमारे जीवन दाता है। सभी को पेड़ लगाने की सलाह इस दौरान स्कूल के डायरेक्टर गिरीश पांडे ने बताया कि स्कूल में ही भोजपुरी फिल्म हे राम की शूटिंग चल रही है। जिसके हीरो पूर्व सांसद दिनेश लाल यादव है। महापौर गणेश केशरवानी पूर्व सांसद दिनेश लाल यादव से मुलाकात कर अंग वस्त्र भेंट कर उनका स्वागत किया साथ मे महापौर ने फिल्म के निमार्ता, निर्देशक सहित पूरी टीम से मुलाकात की थोड़ी देर बैठ का शूटिंग का भी लुप्त उठाया। इस दौरान अमर सिंह, राम केशरवानी, संस्कार सिन्हा, आयुष केशरवानी, मोहित केशरवानी, आदर्श आदि मौजूद रहे।

# लालापुर अमिलिया तरहार के दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग पुलिस उपयुक्त को ज्ञापन सौंपा



**करछना।** समाजवादी पार्टी प्रयागराज का एक प्रतिनिधि मंडल उपपुलिस आयुक्त प्रयागराज से मिला। प्रयागराज उप पुलिस आयुक्त से मिलकर जिलाध्यक्ष जमुनापार पप्पू लाल निषाद के नेतृत्व में पुलिस मुख्यालय पर मिलकर ज्ञापन सौंपा। जिसमें लालापुर थाना अंतर्गत अमिलिया तरहार गांव में मुहर्रम जुलूस के दौरान सत्तारुढ़ पार्टी के एक नेता द्वारा समाज में विद्वेष फैलाने के नियत से अल्पसंख्यक समुदाय के कुछ योग्य व्यक्तियों पर प्राथमिकी दर्ज कराकर उन्हें फंसा दिया गया है जो की सरासर अन्याय है। गांव के लोगों का मानना है कि उक्त व्यक्ति आये दिन फर्जी केसों में लोगों को फंसा कर परेशान करता रहता है। अल्पसंख्यक समुदाय के कई लोगों को स्थानीय पुलिस पर दबाब बनाकर समाज में खाई पैदा करने का काम विपक्षी कार्यकर्ताओ पर उत्पीडन के रूप में हो रहा है। पुलिस आयुक्त से माँग की गयी की बेकसूर तथा बेगुनाह लोगों पर दर्ज की गयी प्राथमिकी वापस कराकर निष्पक्ष जांच कर जेल से मुक्त किया जाये। प्रतिनिधि मंडल में स्नातक इलाहाबादझझांसी एमएलसी डॉ मान सिंह यादव , संदीप पटेल विधायक मेजा, समाजवादी अधिवक्ता महासचिव राकेश यादव तथा जिलाध्यक्ष नीरेंद्र सिंह यादव, ननकेश बाबू विधानसभा अध्यक्ष करछना, मोहम्मद गौस पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शहर दक्षिणी, सूर्य दीप यादव, केशव विश्वकर्मा, संजय यादव, संदीप विश्वकर्मा, अरुण सहित पार्टी के दर्जऩो पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# पत्रकार के घर में शार्ट सर्किट से लगी आग, लाखों का नुकसान

**युनाइटेड भारत**

**नैनी।** नैनी औद्योगिक थाना क्षेत्र के संडवा कला में मंगलवार की शाम को शार्ट सर्किट से आग लग गई जिसके बाद आस पास अफरा तफरी मच गई। मौके पर पहुँची फायर ब्रिगेड की टीम और स्थानीय लोगो की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाई गई। मिली जानकारी के अनुसार एक दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार सुनील गिरी औद्योगिक थाना क्षेत्र के संडवा कला में रहते है। मंगलवार मि शाम को बिजली की शार्ट सर्किट से उनके दो मंजिले मकान के निचले हिस्से के आगे वाले कमरे में आग लग गई देखते ही देखते आग ने नीचे के तीन कमरों को अपने चपेट में ले लिया जिससे कि घर का पूरा समान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुँची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम एवम स्थानीय लोगों की मदद से कुछ घंटे की प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया लेकिन तब तक कमरे में पड़े लाखो का सामान जलकर राख हो गया था।

## न्यूज झरोखा

### जल जीवन मिशन अंतर्गत वितरण किया गया किट




**सोरांव।** मंगलवार को सोरांव तहसील अंतर्गत विकास खण्ड मऊआइमा के कुल 56 ग्राम पंचायत से आशा, आंगनवाड़ी, एएनएम प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक समूह सखी का दो दिवसीय प्रशिक्षण बाल गोविंद डिग्री कॉलेज मऊआइमा में संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि सोरांव ब्लॉक प्रमुख प्रदीप कुमार सरोज और उनके साथ अजय निर्मल विधानसभा संयोजक दोनों ने आए हुए लोगों को किट वितरित किया। जिला टेक्निकल हेड अभिषेक शुक्ला पानी के दूषित तत्व से होने वाले भयंकर बीमारी जैसे डायरिया के बारे में बताया। तथा सभी से सहयोग की अपील की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्रुति शर्मा, मास्टर ट्रेनर ओमप्रकाश, शिवाजी राठौड़, सिमरन यादव, रोली यादव, सुभाष चंद्र, मयंक, सुशील प्रमोद पटेल,पूर्व प्रधान सुभाष चंद्र आदि लोग मौजूद रहे।

### मोदी सरकार का पहला बजट युवाओं और किसानों के चेहरे पर लायेगा मुस्कुराहट : योगेश शुक्ल



**मेजा।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता योगेश शुक्ल ने बजट को लेकर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट विकसित भारत के सपनों को पूरा करने के प्रयासों को गति देने वाला है। केंद्रीय वित्त मंत्री ने जिन प्राथमिकताओं को निर्धारित किया है उससे खेती में उत्तपादकता , रोजगार सृजन, समग्र मानव संसाधन में विकास, सामाजिक न्याय, ऊर्जा सुरक्षा और आवश्यक नए शोध तथा विकास के लक्ष्य अवश्य ही पूरे होंगे। उन्होंने आगे कहा कि यह बजट निश्चित रूप से युवाओं और किसानों के चेहरे पर खुशी की मुस्कुराहट लाने वाला बजट है।

### बरियारामपुर में ट्रेन से कटकर युवक की दर्दनाक मौत

**जंघई।** मंगलवार भोर में एक युवक की ट्रेन से कटकर बरियारामपुर में दर्दनाक मौत हो गई। स्टेशन मास्टर बरियारामपुर गोपाल राम द्वारा चौकी इंचार्ज जंघई संजय कुमार मौर्य को सूचना दिया कि बरियारामपुर स्टेशन व उग्रसेनपुर स्टेशन के बीच पोल संख्या 10/ 20 व 10 /22 के मध्य एक व्यक्ति ट्रेन से कट के मर गया है। इस सूचना पर चौकी इंचार्ज जंघई मय फोर्स के मौके पहुंचे और मृतक के शव के शिनाख्त हेतु मृतक के जेब में रखे डायरी में लिखे मोबाइल नंबर पर संपर्क किया तो ज्ञात हुआ की मृतक का नाम संदीप यादव पुत्र बच्चा लाल निवासी थांबा अलावलपुर थाना करारी जनपद कौशांबी उम्र करीब 20 वर्ष है मृतक के परिजनों को सूचित किया गया शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस प्रयागराज भेज दिया गया।

## नंदी हमला कांड में बचाव पक्ष की जिरह पूरी

**प्रयागराज।** 12 जुलाई 2010 को प्रदेश के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी पर हुए कातिलाना हमले के विचाराधीन मुकदमे में मंगलवार को मुकदमे की विवेचक नारायण सिंह परिहार से बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं ने जिरह पूरी कर ली।गौरतलब है कि बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं की ओर से विशेष न्यायालय में विवेचक नारायण सिंह परिहार की गवाही फिर से कराए जाने का प्रार्थना पत्र दिया था जिसे कोर्ट ने खारिज कर जिरह करने का आदेश दिया था। विचाराधीन मुकदमे की सुनवाई एमपी-एमएलए के विशेष न्यायाधीश डॉ दिनेश चंद शुक्ल कर रहे हैं। मुकदमे की सुनवाई के लिए 26 जुलाई की तिथि नियत है। जिरह के दौरान मुकदमे का संचालन कर रहे सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सुशील वैश्य मौजूद रहे।

## एंटी रोमियो टीम ने बिछड़ी बच्ची को उसके परिजन से मिलाया

**नैनी।** नैनी औद्योगिक थाना क्षेत्र की एंटी रोमियो पुलिस टीम को गश्त करते हुए मंगलवार को यूनाइटेड कॉलेज के पास 10 वर्ष की एक बच्ची मिली। जिसके परिजन के बारे में बच्ची से पूछताछ में जानकारी नहीं हो पा रही थी। बाद में बच्ची को एंटी रोमियो टीम थाने पर लाई एवं परिजनों के संबंध में खोजबीन की गई। टीम का प्रयास रंग लाया। फलस्वरुप बच्ची के माता पिता को ढूंढ कर बच्ची को उनके सुपुर्द किया गया। बच्ची के मिलने पर परिजन एवं आम जनमानस ने पुलिस की काफी प्रशंसा की। एंटी रोमियो पुलिस टीम में महिला उप निरीक्षक कुसुमलता और सिपाही धर्मेंद्र शामिल थे।

## सिविल लाइंस थाने में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

**प्रयागराज।** अल्लापुर के नेता चौराहा निवासी रवि नंदन ने सिविल लाइंस थाने में गौरव अग्रवाल निवासी एसपी मार्ग सिविल लाइंस के खिलाफ धोखाधड़ी, रकम हड़पने, जान से मारने की धमकी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।रवि नंदन ने तहरीर दी है कि उनकी दोस्ती पनेशिया पीपुल नेटवर्क कंपनी के मालिक गौरव अग्रवाल से हुई। आरोपी ने कहा कि उसे माघ मेले में कार्य के लिए ठेका मिला है। 45 लाख रुपये कम पड़ रहे हैं। बताया कि छह माह बाद 20 लाख लाभ के साथ मूलधन वापस कर दूंगा। छह माह बीतने के बाद रवि नंदन ने रकम वापस मांगी तो वह टालमटोल करने लगा। फिर एक चेक दिया जो बाउंस हो गई। पीड़ित ने रकम वापस करने का दबाव डाला तो आरोपी ने कहा कि कौन पैसा, सब भूल जाओ। उसने जान से मारने की धमकी दी।

# सीएमपी डिग्री कॉलेज में मनाई गई अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती



**प्रयागराज।** मंगलवार को सीएमपी डिग्री कॉलेज में अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती उल्लास के साथ मनायी गई। लोगों ने उनकी शहादत को याद करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए। आजादी के मतवाले के योगदान को याद कर कई की आंखें नम हो गईं। सीएमपी डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ अजय प्रकाश खरे ने चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनको नम आँखों से नमन किया ।प्राचार्य जी ने अपने उदबोधन में कहा कि आजाद आजादी की लड़ाई का निर्भीक योद्धा थे ।उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए चंद्रशेखर आजाद के जीवन और उनके संघर्ष की कहानियों को साझा किया, जिससे छात्रों को प्रेरणा मिली। उन्होंने कहा कि वह एक निडर नायक थे, जो भारत की स्वतंत्रता के लिए अटूट साहस और प्रतिबद्धता से संपन्न थे। उनके आदर्श और विचार लाखों लोगों, खासकर युवाओं के दिलों और दिमागों में गूंजते रहते हैं। इस अवसर पर डॉ अनंत सिंह ,डॉ राम चिरंजीव पाल ,डॉ मनीष ,डॉ रितेश ,डॉ संजय सिंह ,डॉ अर्चना त्रिपाठी ,डॉ संजय पाण्डेय,डॉ अनिल पंडित ,आशुतोष मिश्रा ,डॉ नफीस ,डॉ भूपेश त्रिपाठी ,नर नारायण सिंह ,शान्तनु मिश्रा तथा अन्य छात्र उपस्थित थे।

# वर्ल्ड रिकार्ड बनाने पर सीडीओ को किया गया सम्मानित

## एलायंस क्लब, सृजना, अम्मा साहेब ट्रस्ट, एल आई सी ने दी बधाई

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एलायंस क्लब इंटरनेशनल, सृजना साहित्यिक संस्था, अम्मा साहेब ट्रस्ट, एल आई सी के संयुक्त तत्वाधान में जिलाधिकारी की प्रेरणा व मुख्य विकास अधिकारी व उनकी टीम की सराहना की। बता दें कि जिला प्रशासन द्वारा 30 दिनों में 2017 खेत तालाब बनवाकर विश्व रिकार्ड बनाने में अभूतपूर्व सफलता पाई गई है।

इस दौरान एलायंस क्लब की तरफ से जिलाधिकारी संजीव रंजन व सीडीओ नवनीत सेहरा को इस अभूतपूर्व कार्य के लिए अंग वस्त्र व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। सृजना साहित्यिक संस्था के अध्यक्ष डॉ दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि एक महीने में 2017 खेत तालाब बनवाकर अभूतपूर्व उपलब्धि जिले को मिली है। इंटरनेशनल डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि आपके अथक प्रयास से मात्र 30 दिन में ग्राम पंचायतो में 2017 खेत में तालाब बनवाकर विश्व रिकार्ड बनाने में सफलता मिली व ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल हुई। बधाई देने वालों में डॉ0 दयाराम मौर्य रत्न, राजीव कुमार आर्य, अम्मा साहब ट्रस्ट के ट्रस्टी आनंद मोहन ओझा, संतोष कुमार, छेदीलाल, देवानंद, आदर्श कुमार, सूरज उमरवैश्य, विवेक कुमार आदि रहे।


सीडीओ को सम्मानित करते एलायंस क्लब के पदाधिकारी।

## रेलवे अंडर ग्राउंड पुल के नीचे भरा पानी, परेशानी

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज लखनऊ रेलवे ट्रैक के परियावां रेलवे स्टेशन व गढ़ी मानिकपुर रेलवे स्टेशन के बीच बरियावां गांव के ग्रामीणों को रेलवे ट्रैक पार कर राजमार्ग पर आने व जाने के लिए रेल विभाग ने अंडर ग्राउंड पुल बनाया है जिसमें पुल के मुख्य रास्ते मे प्रवेश करने के पहले रेल विभाग ने जमीन के लेबिल को ऊंचा नही किया जिससे बरसात होने पर सारा पानी पुल के रास्ते से बहता हुआ नीचे भर जाता है जिसमे जहरीले कीड़े मकोड़े चल रहे है पानी भरा होने व कीड़े मकोड़े के डर से ग्रामवासी नही निकल पा रहे है जो पगडड़ी के रास्ते से घूमकर सडक तक पहुंच रहे है। रेल विभाग की इस लापरवाही का खामियाजा गांव की जनता को भुगतना पड़ रहा है। यदि रात बिरात कोई घटना हो जाय तो ग्रामवासियों को बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। ग्रामवासियों ने रेल विभाग के उच्च अधिकारियो के साथ जिलाधिकारी संजीव रंजन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है।

# भयहरणनाथ धाम के प्रथम मंगलवार को रही श्रद्धालुओं की भीड़

## पुलिस व कार्यकर्ता की रही उत्तम सुव्यवस्था

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रसिद्ध पांडव कालीन भयहरण नाथ धाम में सावन मेले के दूसरे दिन प्रथम मंगलवार को श्रद्धालु भक्तों की भीड़ रही। कंट्रोल रूम से कार्यकर्ता व पुलिस बल की उत्तम सुव्यवस्था की सराहना शिव भक्तो व मेलार्थियो द्वारा हो रही है। विधायक जीतलाल पटेल ने धाम में पहुंचकर जलाभिषेक किया और कंट्रोल रूम से सभी व्यवस्था का जायजा लिया।

धाम के महासचिव समाज शेखर ने बताया की जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक महोदय के मार्गदर्शन में एस डी एम सदर व क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा धाम में सावन मेला के मद्देनजर पुलिस व नगर पंचायत तथा प्रबन्ध समिति सहित सभी संबंधित विभाग को जिम्मेदारी दी गई है। सभी विभाग कंट्रोल रूम के माध्यम से अपनी गतिविधियों को क्रियांवित कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभी स्वास्थ्य शिविर नही शुरू हो सका है। अस्थाई थाना प्रभारी गणेश पटेल के नेतृत्व में सुबह 4 बजे से सभी व्यवस्था के साथ सभी पॉइंट पर पुलिस बल मुस्तैद रही। पुजारी भोला नाथ तिवारी ने शिवाभिषेक के बाद जनता जनार्दन के दर्शन हेतु मंदिर का कपाट खोल दिये। प्रबन्ध समिति की ओर से पर्यवेक्षण हेतु उपाध्यक्ष उमाकांत पांडेय व प्रबन्ध समिति सदस्य प्रभाकर पांडेय कंट्रोल रूम में उपस्थित रहर अपनी सेवाएं दी। अध्यक्ष राज कुमार शुक्ल, कार्यवाहक अध्यक्ष लालजी सिंह, अनिल मिश्र, शत्रुघन सिंह, चंदन तिवारी, कमलेश पांडेय व राज कुमार स्वच्छता नायक आदि व्यवस्था में लगे रहे।


भयहरणनाथ धाम से बाहर निकलते श्रद्धालुओं का रेला।

# 32 करोड़ की लागत से बनेगा क्रिटिकल केयर यूनिटः प्राचार्य

## क्रिटिकल केयर यूनिट का हुआ भूमि पूजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पुराने महिला अस्पताल में क्रिटिकल केयर यूनिट के लिए मंगलवार को भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य के प्रतिनिधि अरुण मौर्य रहे। पंडित आलोक ऋषिवंश ने वैदिक मंत्रोचार के बीच भूमि पूजन कराया।

इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि अरुण मौर्य ने कहा कि क्रिटिकल केयर यूनिट के बन जाने से गंभीर मरीजों का इलाज यहीं पर हो सकेगा। मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा. सलिल श्रीवास्तव ने कहा कि 32 करोड़ की लागत से बनने वाले क्रिटिकल केयर यूनिट तीन मंजिला बनेगी। यह डेढ़ साल में बनकर तैयार होगी। सीएमओ डा. एएन प्रसाद ने कहा कि इसके निर्माण से गंभीर मरीजों का इलाज आसानी से हो सकेगा। उन्हें प्रयागराज नहीं जाना होगा। इस अवसर पर सीएमएस डा. रीना प्रसाद, डा. शैलेंद्र कुशवाहा, डीपीएम राजशेखर, आयुष्मान के नोडल डा. सुधाकर सिंह, डा. राजीव त्रिपाठी, विजय कुमार यादव आदि मौजूद रहे।


क्रिटिकल केयर यूनिट का भूमि पूजन करते प्राचार्य व अन्य।

## आकाशीय बिजली से गिरी डाली, अफरातफरी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रिहायशी बस्ती में आकाशीय बिजली गिरने के चलते अचानक पीपल के पेड़ की डाल गिरने से अफरातफरी मच गयी। लीलापुर थाना क्षेत्र के चमरूपुर शुक्लान गांव में मंगलवार की सुबह आकाशीय बिजली की गर्जना हुई। आकाशीय बिजली की चपेट में पीपल की डाल गांव के शिवकुमार विश्वकर्मा व रामकुमार विश्वकर्मा के घर की छत पर गिरी। इससे लोग भयभीत होकर हल्लागुहार मचाने लगे। पीड़ितों के घर की छत पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो उठी। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवारों को दैवीय आपदा सहायता एवं आवासीय सुविधा की गुहार की है।

# कांवड़ मार्ग की सफाई व प्रकाश व्यवस्था के लिये रात भर जुटे रहे नपा कर्मी

## मार्ग में मिले 17 पशुओं को भेजा गया गोशाला

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शासन के निर्देश एवं जिलाधिकारी संजीव रंजन के आदेश पर सोमवार की शाम सात बजे से लेकर मंगलवार की भोर तीन बजे तक सीताराम धाम से लेकर चिलबिला हनुमान मंदिर तक के कांवड़ मार्ग में साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था तथा फागिंग का कार्य नगर पालिका के 50 कर्मचारी व रोड गैंग के सदस्यों ने रात भर किया। इसके अलावा सड़क पर बने डिवाइडरों के बीच लगे पेड़-पौधों की सिंचाई भी की गई।

इस अभियान के दौरान 17 आंवारा पशु इस राजमार्ग पर पाये गये जिन्हें रोड गैंग के लोगों ने पकड़कर उन्हें बराछा की गोशाला में भेजवा दिया। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि सीताराम धाम से लेकर चिलबिला हनुमान मंदिर के बीच जितने भी मंदिर मिले, सभी की साफ-सफाई की गई। बीच में जहां कहीं प्रकाश व्यवस्था नहीं थी या कम थी, वहां तुरंत लाइट लगा दी गई। बता दें कि शासन की मंशा है कि कांवरियों को गंगा जल लेकर जलाभिषेक को जाते समय कोई असुविधा न हो, इसके लिये अधिकारी सतर्क रहें। इसी के तहत नगर पालिका बेल्हा ने कांवड़ मार्ग पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था तथा फागिंग का कार्य सुनिश्चित करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी और पूरी रात नगर पालिका द्वारा कार्य किया गया। इस कार्य में नगर पालिका के जल कल विभाग के अभियंता सभाजीत यादव जो इस समय प्रभारी ईओ भी हैं, के अलावा आरआई लाल बहादुर सिंह, प्रशांत सिंह, सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, ओम प्रकाश शुक्ला, सफाई लिपिक अजीत सरोज सहित नगर पालिका के सैकड़ों कर्मचारी कांवड़ मार्ग को सही करने में रात भर लगे रहे।



सड़कों की सफाई कराते नगर पालिका अधिकारी।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिये 16 सितम्बर तक करें आवेदन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य संत सिंह ने बताया है कि जवाहर नवोदय विद्यालय प्रतापगढ़ (उ0प्र0) में सत्र 2025-26 हेतु कक्षा 6 में 80 सीटों पर प्रवेश हेतु निःशुल्क आनलाइन आवेदन 16 सितम्बर 2024 तक कर सकते है। चयन परीक्षा की तिथि 18 जनवरी 2025 निर्धारित की गयी है। उन्होने पात्रता के सम्बन्ध में बताया है कि प्रतापगढ़ (उ0प्र0) जिले के प्रमाणिक निवासी एवं शिक्षण सत्र 2024-25 में प्रतापगढ़ जिले के सरकारी/सरकारी मान्यता प्राप्त स्कूलों में कक्षा-5 में अध्यनरत विद्यार्थी हो। प्रत्येक कक्षा में पूर्ण शिक्षण सत्र में अध्ययनरत रहे हों तथा सरकारी/सरकारी मान्यता प्राप्त स्कूल से कक्षा-3 एवं 4 उत्तीर्ण की हो एवं 01.05.2013 से 31.07.2015 के बीच जन्म हुआ हो (दोनो तारीखें शामिल)। विद्यार्थी आनलाइन आवेदन नविस वेबसाइट पर पहुँचकर निःशुल्क किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिये हेल्प डेस्क नम्बर 6394664112, 8650219990 व 9161918298 पर सम्पर्क कर सकते है।

# बिजली तथा नहर व साफ-सफाई की समस्याओं पर बिफरे वकील, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** तहसील परिसर में वादकारी शेड के ऊपर से गुजर रही एचटी लाइन बदले न जाने तथा नगरीय क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित होने को लेकर वकीलो ने मंगलवार को आक्रोश जताया है। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह के नेतृत्व में वकीलो ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर बिजली के साथ नहरों में पानी की आपूर्ति पर्याप्त न होने को लेकर भी नाराजगी जतायी।

ज्ञापन में अधिवक्ताओ ने कहा है कि तहसील परिसर के गेट नंबर एक के समीप बने वादकारी शेड के ऊपर से एचटी लाइन गयी है। इसमें फाल्ट आने पर परिसर में वादकारी तथा वकील भयभीत हुआ करते हैं। वकीलों ने नाराजगी जतायी कि कई महीनों से इस समस्या का समाधान नही कराया जा रहा है।

वहीं ज्ञापन में लालगंज कस्बे में विद्युत आपूर्ति दिन तथा रात दोनों पालियों में बाधित होने को लेकर भी वकीलों ने नाराजगी जतायी है। अधिवक्ताओं का कहना है कि लोकल फाल्ट तथा जर्जर तारों के कारण आपूर्ति बाधित होने से लोग परेशान हो रहे हैं। तहसील में कम्प्यूटरीकृत खतौनी व जरूरी कागजात न मिलने से वादकारी परेशान वापस हुआ करते है। वही धान की नर्सरी के नहरों में पानी की मात्रा पर्याप्त न होने से हो रही कठिनाई पर भी ज्ञापन में समाधान की मांग उठायी गयी है। तहसील परिसर में पीने के पानी की टंकी के खराब होने से आपूर्ति न हो पाने पर भी वकील नाराज दिखे। शौचालयों में गंदगी को लेकर भी ज्ञापन में असंतोष जताया गया है। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने अधिवक्ताओं को समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया है। इस मौके पर उपाध्यक्ष बालेन्द्र त्रिपाठी, महामंत्री सूर्यकांत निराला, अनूप पाण्डेय, धीरेन्द्र मिश्र, सिंटू मिश्र, श्रीशचन्द्र पाण्डेय, शिवेन्द्र तिवारी, सुजीत त्रिपाठी, प्रमोद सिंह, शिव नारायण शुक्ल आदि अधिवक्ता रहे।

## बाजिदपुर का फीडर ब्लास्ट होने से आपूर्ति बाधित

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** कालाकांकर पावर हॉउस मे मंगलवार की दोपहर लगभग एक बजे बाजिदपुर फीडर के अचानक आपूर्ति के समय ब्लास्ट हों जाने से पावर हॉउस मे आलापुर व कालाकांकर फीडर की आपूर्ति बन्द कर दी गई। जो कुछ बाद बाद बहाल कर दी गई। बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए पावर हॉउस मे लल्लूराम, सुरेश सिंह, बाबूलाल व शुभम सिंह के साथ जेई ब्रजेश यादव लगे हुए है जो शाम तक बहाल होने की बात कही जा रही है। अचानक हल्की बूंदा बादी के दौरान अचानक उमस बढ़ जाने से लोग व्याकुल हो रहे हैं। एसडीओ राहुल वैश्य ने बताया कि प्रयास किया जा रहा कि जल्द आपूर्ति बाजिदपुर की बहाल हो जायेगी।

# महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की युवा क्रांति ने मनाई जयंती

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** युवा क्रांति के कार्यकर्ताओं ने मां भारती के वीर सपूत महान क्रांतिकारी चंद्र शेखर आजाद की जन्म जयंती पर नगर के श्रीराम तिराहा स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए महासचिव ऋषभ शुक्ला ने कहा कि गुलाम भारत को आजादी के लिए चंद्र शेखर आजाद जैसे क्रांतिकारियों ने अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया।

उन्होंने कहा कि ऐसे प्रेरणाश्रोत महापुरुषों को युवा क्रांति सादर नमन वंदन करती है। माल्यार्पण के दौरान अध्यक्ष विवेक त्रिपाठी, विजय भान सिंह, आनंद शर्मा, अखिलेश मिश्र, अच्युतानंद पांडेय, शरद त्रिपाठी, साकेत पाण्डेय, विकास यादव, आदित्य यादव, सत्यम मिश्र, अभिषेक सोनी, अविनाश मिश्र, जुनैद अंसारी आदि उपस्थित रहे।


चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते युवा क्रांति के कार्यकर्ता

# किशोरी के साथ चार युवकों ने किया सामूहिक दुष्कर्म, रिपोर्ट

## सामूहिक दुष्कर्म का मामला सुर्खियों में छाया

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** मोबाइल खरीदने आई एक किशोरी फोन पर एक युवक के झांसे में फंस गई और युवक ने उसे ले जाकर चार युवकों के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। विरोध करने पर उसे जान से मारने का प्रयास किया गया। आरोपियों के चंगुल से किसी तरह छूटकर वह घर पहुंची और घटना परिजनों को बताई तो परिजन दंग रह गए। घटना के संबंध में पीड़ित के परिजनों ने कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच पड़ताल कर रही है।

रानीगंज क्षेत्र की एक किशोरी एक सप्ताह पूर्व पट्टी मोबाइल खरीदने आई थी। मोबाइल की दुकान पर उसका संपर्क बिलसंडी गांव के एक युवक से हो गया। किशोरी से मोबाइल पर संपर्क कर बुलाने पर 19 जुलाई की शाम पट्टी आई। इस दौरान आरोपी युवक किशोरी को लेकर पट्टी क्षेत्र के एक सुनसान स्थान पर ले गया, जहां पर पहले से योजना के तहत तीन युवक और आगे किशोरी से पारी पारी रात भर सामूहिक दुष्कर्म किये। इस दौरान किशोरी द्वारा विरोध करने पर उसे जान से करने का भी प्रयास किया गया। वहां से किसी तरह किशोरी भाग कर अपनी जान बचाई और रात छत पर सोकर बिताई और सुबह अपने घर पहुंची और घटना परिजनों से बताई तो परिजन घटना सुनकर दंग रह गए। सूचना मिलते ही परिजन किशोरी को लेकर पट्टी कोतवाली पहुंचे आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर दी। पट्टी पुलिस तहरीर मिलते ही जांच पड़ताल में जुट गई। आरोपी युवक घर छोड़कर फरार बताए जाते हैं। पट्टी पुलिस समाचार लिखे जाने तक एक भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी थी। किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला जिले में सुर्खियों में छाया हुआ है। इस संबंध में एडिशनल एसपी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी हेतु टीम में गठित की गई है। शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## मोबाइल दुकानदार की भूमिका संदिग्ध

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** नगर क्षेत्र के एक मोबाइल की दुकान पर नाबालिक किशोरी मोबाइल बनवाने आई थी। जहां पर चर्चा है कि मोबाइल बनाते समय उसका मोबाइल नंबर मोबाइल से निकलकर ब्लैकमेल करने के लिए ले लिया गया और बाद में उसका साथी उसे फोन से पट्टी बुलाया और सुनसान स्थान पर ले जाकर पहले दुष्कर्म किया और बाद में उसके तीन अन्य साथियों ने भी सामूहिक दुष्कर्म किया। इस मामले में मोबाइल दुकानदार की भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है।

## जीजीआईसी में छात्राओं को दी गई मैथ एक्टिविडी की जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देश के क्रम में व गीता प्रधानाचार्य एवं डॉक्टर मोहम्मद अनीस उप प्रधानाचार्य के कुशल संयोजन में, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की चौथी वर्षगांठ के उपलक्ष में शिक्षा सप्ताह के अंतर्गत राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ में आज मैथ एक्टिविटी डे मनाया गया। इस अवसर पर बालिकाओं को गणित के विभिन्न फार्मूले, विभिन्न चिन्ह को खेल-खेल के तरीके से समझाया गया एवं विभिन्न प्रकार के रेखा गणित की आकृतियां को पहचानने के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियां संपन्न कराई गई। त्रिभुज, बेलन, आयत, शंकु, वर्ग एवम वृत्त आदि की आकृतियों को पहचानने का अभ्यास भी कराया गया।



मैथ एक्टिविडी की जानकारी देते शिक्षकगण।

# छह शिक्षकों का बीएसए ने रोका वेतन, कारण बताओ नोटिस जारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बीएसए भपेन्द्र सिंह ने बताया कि सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियों के माध्यम से शिकायत मिली थी कि मंगलवार की प्रातः 08.15 तक विद्यालय से बिना किसी सूचना के छह शिक्षक अनुपस्थित थे और विद्यालय में नामांकित बच्चे प्रांगण में इधर-उधर टहल रहे थे। इस पर बीएसए ने अपूर्वा सिंह इ0प्र0अ0, अजीत मौर्या स0अ0, सोनू सरोज स0अ0, कंचन देवी शि0मि0, सुधा देवी शि0मि0 व राजेश कुमार सरोज शि0मि0 प्रा0वि0 पीरूपुर, वि0ख0-सण्डवा चन्द्रिका को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन्होंने कहा कि टाइम के अनुसार विद्यालय के सभी स्टाफ को प्रातः 07.30 बजे तक विद्यालय में अनिवार्यतः उपस्थित होना अनिवार्य है, परन्तु आप सभी द्वारा जानबूझकर उक्त विभागीय व्यवस्था के प्रति घोर स्वेच्छाचारिता की जा रही है। आप सभी के द्वारा निःशुल्क एंव अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के प्राख्यापित नियमों के सर्वथा विपरीत आचरण करते हुए विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों को उनके शिक्षा के अधिकार से वंचित करते हुए घोर लापरवाही भरा आचरण प्रदर्शित किया गया है। इसलिये आप सभी के वेतन/मानदेय आहरण पर अग्रिम आदेश तक रोक लगाते हुए निर्देशित किया जाता है कि उक्त के सम्बन्ध में आप सभी सात दिन के अंदर नोटिस का जवाब दें।

## तेरह लोगों के खिलाफ दलित उत्पीड़न व धमकी का केस दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने दर्जन भर लोगों के खिलाफ दलित उत्पीडन समेत कई संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के कटरा संग्राम सिंह निवासी पुष्पेन्द्र सरोज पुत्र सुरेन्द्र सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बाइस जुलाई को वह अपने खेत में मेड़ बांध रहा था। इसी बीच वहां पहुंचे गांव के राजू दर्जी को मेड़ बांधने से मना किया। आरोप है कि पीडित के कारण पूछने पर आरोपी राजू दर्जी ने अपने परिवार के दस बारह लोगों के साथ मिलकर जातिसूचक गालियां देते हुए फावड़ा कुल्हाड़ी आदि लेकर उसे मारने दौड़े। पीडित के शोरशराबा करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते चले गये। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि घटना को लेकर तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

# इलेक्ट्रॉनिक चिप पर इनपुट ड्यूटी कम किए जाने का सरकार का अहम फैसला : रमेश अग्रहरि

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** केंद्र सरकार द्वारा लोकसभा में पेश किए गए बजट की व्यापारियों ने सराहना की है व्यापार मंडल के प्रांतीय वरिष्ठ महामंत्री रमेश अग्रहरि ने कहा कि बजट में स्टार्टअप एवं उद्योग को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने जो कार्य किया है इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और देश आत्मनिर्भर होगा यह बजट सभी वर्गों के हित को देखकर प्रस्तुत किया गया है जिसमें किसान उद्यमी आम जनता के लिए बहुत उत्तम है व्यापारी नेता रमेश अग्रहरि ने बताया कि इस नए बजट में जो सरकार द्वारा इलेक्ट्रॉनिक चिप के आयात शुल्क में कमी की गई है यह एक बहुत महत्वपूर्ण फैसला है जिससे कि मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक्स गाडियां एवं सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जिसमे की इलेक्ट्रॉनिक चिप का इस्तेमाल किया जाता है वह सभी सस्ते होंगे सस्ते होने के साथ ही हिंदुस्तान में बने इलेक्ट्रॉनिक्स मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक टू व्हील्स एवम फोर व्हीलर, एवम अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण इत्यादि को अंतराष्ट्रीय स्तर पर स्पर्धा करने का महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा वोकल फोर लोकल को बढ़ावा मिलेगा केंद्र सरकार द्वारा पेश किया जाए बजट की अन्य व्यापारियों ने भी सराहना की है।

## जनता जनार्दन को लॉलीपॉप देने वाला केंद्र सरकार ने पेश किया बजट : कांग्रेस

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** केंद्र सरकार द्वारा लोकसभा में पेश किए गए बजट के बारे में चर्चा करते हुए कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष गौरव पांडे ने कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा जो बजट पेश किया गया है वह केवल जनता जनार्दन को लॉलीपॉप दिया गया इस बजट से ना ही आम जनमानस की कोई समस्या हल होने वाली है और ना ही किसानों की आय को दुगनी करने की बात की गई है उस पर बजट में कोई चर्चा नहीं है उन्होंने कहा कि यह बजट किसान विरोधी है महिला विरोधी है, छात्र विरोधी है ऐसे बजट का हम सभी कौशांबी कांग्रेस के कार्यकर्ता विरोध करते हैं और इस बजट को हम स्वीकार नहीं करते। कौशांबी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गौरव पांडेय ने कहा कि जिस तरह से सरकार ने छात्र और युवाओं को लॉलीपॉप देने का काम किया है इसका जवाब छात्र और युवा आने वाले समय में देंगे मैं इस बजट का पुरजोर विरोध करता हूं यह बजट केवल पूंजीपति लोगों के लिए है यह बजट गरीबों के लिए नहीं है कांग्रेस जिला अध्यक्ष के साथ-साथ अन्य तमाम लोगों ने भी केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए बजट की कटु शब्दों में आलोचना की है।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की चौथी वर्षगांठ पर स्कूलों को निपुण बनाने की ली गई शपथ

**कौशाम्बी।** जिले में मंगलवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की चौथी वर्षगांठ के अवसर पर बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा निर्देशित शिक्षा सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन परिषदीय विद्यालयों में किया गया। छह दिवसीय कार्यक्रम के द्वितीय दिवस पर मंझनपुर विकासखंड के परिषदीय विद्यालयों में एफएलएन दिवस समारोह का आयोजन किया गया। प्राथमिक विद्यालय मंझनपुर प्रथम में कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार गुप्ता ने किया।प्रमोद कुमार गुप्ता ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया।विद्यालय की छात्रा सलोनी द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।खंड शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में बुनियादी शिक्षा को मजबूती प्रदान करने पर बल दिया गया है क्योंकि बुनियादी शिक्षा की बुनियाद पर छात्र का भविष्य टिका होता है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मुन्नी देवी ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति की चौथी वर्षगांठ को धूमधाम से शिक्षण सप्ताह के रूप में मनाए जाने का निर्देश विभाग से प्राप्त हुआ है। इसी क्रम में इस सप्ताह प्रत्येक दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।कार्यक्रम के समापन पर निपुण शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## तीसरे हत्या अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

### मारपीट के दौरान घायल की इलाज के दौरान मौत में मां बेटे को पुलिस पहले भेज चुकी है जेल

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के आदर्श नगर पंचायत अझुवा नयानगर में 29 जून को मारपीट में युवक रामलखन घायल हो गया था।जिसकी 22 दिन में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। सैनी कोतवाली पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया था। घायल युवक की शनिवार को मौत होने पर 304 (34) धारा परिवर्तित कर मृतक रामलखन की पत्नी रीतू केशरवानी की तहरीर पर सैनी कोतवाली पुलिस ने आरोपी बबलू पुत्र स्व हीरालाल व मां सुशीला देवी पत्नी स्व हीरालाल को रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। मुख्य आरोपी अभियुक्त कामता पुत्र हीरालाल पुलिस की पकड़ से बहुत दूर था जिसके लिए मुखबिर की सहायता से चौकी इंचार्ज अरुण कुमार मौर्य ने आखिर मुख्य अभियुक्त कामता को आला कत्ल के सामान सहित मंगलवार रात्रि लगभग 12 बजे अझुवा के भोला चौराहा से गिरफ्तार कर लिया गया। मुख्य आरोपी अभियुक्त कामता को गिरफ्तार कर पुलिस ने न्यायालय सुपुर्द कर दिया है जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### दहेज हत्या के आरोपी को 32 वर्ष बाद अदालत में सुनाई सजा

**अझुवा कौशाम्बी।** दहेज हत्या के अभियुक्त को 32 वर्ष बाद अदालत में दोषी पाया है और 8 वर्ष की कठोर कारावास की सजा सुनाई अदालत ने दहेज हत्या के दोषी पर 9000 रुपए का अर्थ दंड लगाया है बताते चलें कि 32 वर्ष पूर्व सैनी कोतवाली क्षेत्र के अझुवा कस्बे में दीपक वैश्य पुत्र रामधनी पर मुकदमा अपराध संख्या 173 सन 1992 दर्ज हुआ था 32 वर्षों से न्याय पाने के लिए मृतक परिवार के लोग अदालत की चौखट पर दौड़ लगा रहे थे 23 जुलाई को अदालत ने दहेज हत्या के दोषी दीपक वैश्य को दहेज हत्या के जुर्म में 8 वर्ष की सजा सुनाई है और कोर्ट ने 9 हजार का अर्थदंड लगाया है दहेज के लिए पत्नी को जलाकर हत्या की थी।

# पड़ोसियों ने मासूम को बेरहमी से पीटा इलाज में मौत

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** जिले के महेवाघाट थाना क्षेत्र में मामूली विवाद में हैवान बने पड़ोसियों ने 5 साल के मासूम की इतनी जमकर पिटाई कर दी कि मासूम बेहोश हो गया,जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया जहा इलाज के दौरान मासूम की मौत हो गई,मासूम की मौत से परिजनों में कोहराम मचा गया,घटना के बाद इसकी शिकायत पुलिस से की गई,शिकायत के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक महेवाघाट थाना क्षेत्र के तिवारी का पुरवा गांव में रविवार की शाम महज भैंस चराने के विवाद में पांच साल के मासूम की बेरहमी से पिटाई पड़ोसियों ने कर दी जिससे मासूम बेहोश हो गया। इसके बाद आरोपी उसे उसी हाल में छोड़कर भाग गए। सूचना के बाद आनन-फानन में मासूम को पीएचसी सरसवां में भर्ती कराया गया। सोमवार को हालत बिगड़ने पर मासूम को चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने मासूम के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृत मासूम की मां की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक तिवारी का पूरवा निवासी राज बाबू महाराष्ट्र के पुणे में रहते हैं। उनकी पत्नी शकुंतला देवी बच्चों के साथ गांव में रह रही है। परिवार चलाने के लिए शकुंतला खेतों में मजदूरी करती है। रविवार को शकुंतला खेत पर काम करने के लिए गई थी। शाम घर लौटी तो उसका पांच वर्षीय बेटा छोटका घर से थोड़ी दूर स्थित खेत में बेहोश पड़ा मिला। मासूम के सिर, हाथ-पैर और पेट पर चोट के गहरे निशान थे रोती-बिलखती मां आनन-फानन में मासूम को लेकर सरसवां पीएचसी पहुंची, जहां उसका इलाज शुरू हुआ।सोमवार को डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर बताते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृत मासूम की मां शकुंतला की तहरीर पर पुलिस ने पड़ोसी रामभवन, बाबूलाल और ननबच्चा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया और जांच में जुट गई है।


## डीसीएम चालक को आई नीद खड़ी ट्रक से टकराई चालक गम्भीर

**महगांव कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत काजीपुर गांव के समीप गुलाटी क्रेन ऑफिस के सामने जीटी रोड किनारे खड़ी ट्रक से एक अनियंत्रित डीसीएम टकराने से चालक गम्भीर रूप से चोटिल हो गया। चालक को नीद आने की वजह से दुर्घटना हुई जिसकी पुष्टि स्वयं चालक ने की। बता दें कि बीती सोमवार की रात्री करीब 11 बजे डीसीएम में मिर्चा लाद कर मूरतगंज की ओर से प्रयागराज के मुंडेरा मंडी जा रहा डीसीएम चालक रंजीत सिंह निवासी लुधियाना को नीद आ गई जिससे डीसीएम चालक से गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पर खड़ी एक ट्रक से टकरा गई जिससे चालक रंजीत सिंह घायल हो गया,हादसे के बाद लोगो की भीड़ लग गई वही मौके पर पुर्व विधायक संजय कुमार गुप्ता भी पहुंच गए और घायल से उनका परिचय जान कर राहत बचाव कार्य में लग गए, तभी मौके पर पहुंची संदीपन घाट पुलिस ने चोटिल रंजीत सिंह को इलाज के लिए एसआरएन हॉस्पिटल प्रयागराज भेज दिया।

# पानी के लिए व्याकुल नवोदय विद्यालय के बच्चों का फूटा गुस्सा

**छात्रों ने वीडियो वायरल कर जवाहर नवोदय विद्यालय टेवा में भोजन पानी साफ सफाई इलाज दवा आदि की व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर दिया**

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** आश्रम पद्धति जवाहर नवोदय विद्यालय टेवा में पानी की समस्या से स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थी जूझ रहे हैं उन्हें समय से शुद्ध पानी नहीं मिल रहा है जिससे उनकी दिनचर्या प्रभावित हो रही है शिकायत के बाद भी विद्यालय प्रशासन उनकी बात की अनसुनी कर रहा है जिससे मंगलवार को सुबह विद्यालय के बच्चों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने जमकर विद्यालय प्रशासन के विरोध में भड़ास निकाली है इतना ही नहीं जवाहर नवोदय विद्यालय में पढ़ने वाले छाओं ने हड़ताल की घोषणा कर दी जिससे विद्यालय प्रशासन असमंजस में आ गया है काफी समझाने बुझाने के बाद छात्र मानने को तैयार हुए हैं बताते चलें कि जवाहर नवोदय विद्यालय टेवां के विद्यार्थियों ने पीने के पानी की समस्या को लेकर मंगलवार को हड़ताल की घोषणा कर दी स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों का कहना है कि विद्यालय में भोजन की समस्या बनी है पूरी पौष्टिकता पूर्ण गुणवत्ता पूर्वक भोजन की व्यवस्था समय से नहीं होती है विद्यार्थियों का कहना है कि घटिया क्वालिटी का भोजन नहीं दिया जाता है स्कूल के छात्रों ने बताया कि बीमार होने के बाद इलाज दवा की भी व्यवस्था विद्यालय की ओर से नहीं की जाती है किसी जमाने में जवाहर नवोदय विद्यालय बेहतर शिक्षा व्यवस्था के लिए ख्याति प्राप्त होता था लेकिन धीरे-धीरे शिक्षण कार्य में लगे लोगों की उदासीनता से विद्यालय की व्यवस्था दिनों दिन चौपट होती जा रही है साफ सफाई का भी विद्यालय में अभाव है चारों तरफ गंदगी पड़ी रहती है छात्रों का कहना है कि विद्यालय में स्वच्छता की समस्या लगातार बरकरार है हड़ताल कर रहे छात्र लगातार जिला अधिकारी को बुलाने की मांग पर अड़े रहे। जवाहर नवोदय विद्यालय टेवा में अव्यवस्था के बाद छात्रों के आंदोलन से बौखलाए विद्यालय के प्रधानाचार्य ने गेट में ताला लगा दिया है छात्रों की आवाज को विद्यालय के प्रधानाचार्य कुचलना चाहते हैं ताला बंद हो जाने के बाद मीडिया कर्मियों को अंदर जाने पर रोक लगा दी गयी है जिससे उनके काले कारनामे समाज के सामने ना आ सके लेकिन फिर भी विद्यालय के काले कारनामे समाज के सामने आ गए हैं और छात्रों ने वीडियो वायरल कर जवाहर नवोदय विद्यालय टेवा में भोजन पानी साफ सफाई इलाज दवा आदि की व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर दिया है जवाहर नवोदय विद्यालय टेवा में व्याप्त अव्यवस्था की ओर उप जिला अधिकारी मंझनपुर ने भी छात्रों के हड़ताल किए जाने के पहले ध्यान नहीं दिया है जिससे प्रधानाचार्य मनमानी पर उतारू है और छात्र परेशान हैं विद्यालय की अव्यवस्था पर यदि शासन ने संज्ञान लिया तो प्रधानाचार्य पर कार्रवाई होना तय है।

# पत्रकारिता के गिरते स्तर पर पत्रकारों ने व्यक्त की चिंता




**कौशांबी।** भारतीय पत्रकार संघ के बैनर तले कौशांबी जनपद मुख्यालय मंझनपुर में 23 जुलाई को पत्रकारों की एक बैठक आयोजित की गयी बैठक के दौरान पत्रकारों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया और कहा कि पत्रकारिता के स्तर को बनाए रखना है निष्पक्षता के साथ सत्य उजागर करना है पत्रकारों के ऊपर आए दिन हो रहे हमले और उत्पीड़न की कार्रवाई की कटु शब्दों में निंदा की गई बैठक के दौरान पत्रकारों ने कहा कि खबर कवरेज करने के दौरान किसी प्रकार की उत्पीड़न की कार्यवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी प्रयागराज जनपद में बिगत दिनों सड़क हादसे में घायल एक पत्रकार की इलाज के दौरान मौत होने पर पत्रकारों ने 2 मिनट का मौन रखकर शोक व्यक्त किया है और मृतक आत्मा की शांति की कामना ईश्वर से की है खबर कवरेज करने के दौरान सरकारी मशीनरी द्वारा पत्रकारों का सहयोग नहीं किया जाता है बल्कि दर-दर पर विरोध किया जाता है जिसका पत्रकारों ने निंदा प्रस्ताव पारित कर ऐसे अधिकारियों को सबक सिखाने की रणनीति बनाई है इस दौरान सुशील केसरवानी संतलाल मौर्य राजू सक्सेना सुबोध केसरवानी सुशील कुमार मिश्रा गणेश साहू मदन लाल केशरवानी अजीत कुमार कुशवाहा अनिल कुमार नेता तिवारी रजनीश कुमार रामबाबू केसरवानी शैलेंद्र मौर्य मनजीत सिंह उत्तम मिश्रा रजनीश कुमार तिवारी सहित तमाम पत्रकारों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए हैं।

# आधा दर्जन नीम के हरे विशाल पेड़ काट कर माफियाओं ने कर दिया धराशाई

**कार्यवाही के नाम पर केवल कोरे बयानबाजी के अलावा कुछ होता दिख नही रहा है**



**तिल्हापुर कौशाम्बी।** एक तरफ योगी सरकार बृह्दद पौधारोपण की बात कर रही है लेकिन वर्षो पुराने जो हरे भरे हुए पेड़ धरती पर खड़े है उनकी कटान भी प्रशासनिक अमला नही रोक पा रहा है लकड़ी माफिया प्रतिदिन वेखौफ तरीके से हरे पेड़ को काटकर हरियाली नष्ट कर रहे है सरकार और अधिकारियों का यह दोहरा चरित्र आमजनता को समझ नही आ रहा है लकड़ी माफियाओं से स्थानीय पुलिस और वन विभाग की साठगांठ से हरे पेड़ की प्रतिदिन तेजी से कटान हो रही है पेशेवर लकड़ी माफियाओं के संगठित अपराध पर रोक लगती नही दिख रही है आखिर कब तक यह लुकाछिपी का खेल बेखौफ होकर चलता रहेगा ब्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे है। चायल तहसील क्षेत्र के पिपरी थाना अंतर्गत औधन गांव के मजरा फरीदपुर के सैदना तालाब से लकड़ कटवा गैंग ने दर्जनों मजदूरों को साथ लेकर लगभग आधा दर्जन नीम के हरे विशाल पेड़ काट कर धराशाई कर दिया जिम्मेदार बयानबाजी तक सीमित रह गए है सोमवार शाम पांच बजे से रात 10 बजे तक गाड़ी में लोड कर पेड़ की काटी गई लकड़ी बाहर भेजी गयी लेकिन कोई अधिकारी मौके पर कार्यवाही करने नही पहुँचा बेखौफ तरीके से क्षेत्र में हरे भरे पेड़ों का लगातार प्रतिदिन कटान जारी है दर्जनों मजदूर कटान में लगे रहते है पैदल गस्त की बात कर कानून व्यवस्था की बात करने वाली पुलिस भी इन लकड़ी माफियाओं के पेड़ काटने को रोकने नही पहुँची है लकड़ी माफियाओं को चिन्हित करना होगा कड़ी कार्यवाही कर इनके साम्राज्य को तोड़ना होगा संरक्षण देने वाले प्रशासनिक व्यवस्था को बेनकाब कर निलंबित करना होगा काटे गए हरे पेड़ पर मुकदमा दर्ज कर लकड़ी बरामद करना होगा दोषियों को जेल भेजना होगा लेकिन कार्यवाही के नाम पर केवल कोरे बयानबाजी के अलावा कुछ होता नही दिख रहा है जिससे ब्यवस्था से जुड़े अन्य अधिकारियों की निष्ठा पर भी सवाल खड़े होना लाजमी है।

## गरीब के गिरे घर की जमीन को आम रास्ता बनाने में तुले हैं दबंग

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के बेरूवा गांव निवासी फतेह बहादुर सिंह पुत्र कैलाश सिंह का एक घर बारिश के चलते तीन दिन पहले भरभरा करके गिर गया है अपने गिरे मकान में फतेह बहादुर सिंह मंगलवार को निर्माण कर रहे थे तो गांव के प्रधान प्रतिनिधि रामानुज सिंह सहित कई दबंग मौके पर पहुंचे हैं और मकान के निर्माण को रोकने का दबाव बना रहे है। मौके पर पहुंचे दबंग का कहना है कि इस मकान के रास्ते से आम रास्ता बनाएंगे तुम्हें घर निर्माण नहीं करने देंगे जब फतेह बहादुर ने निर्माण रोकने से मना किया तो मजदूर और उनको लाठी डंडे से मारने का प्रयास किया गया है घर निर्माण कर रहे फतेह बहादुर और उनके मजदूरों को दबंगों द्वारा दौड़ा लिया गया है गाली गलौज किया गया है दबंग के आतंक से भयभीत फतेह बहादुर ने थाना पुलिस को शिकायती पत्र दे कर दबंगो पर कार्यवाही की मांग की है।

## न्यूज झरोखा

### अलग-अलग टीएलएम के उपयोगिता के बारे में छात्रों को दी जानकारी



**भरवारी कौशांबी।** नगर पालिका परिषद भरवारी के कंपोजिट विद्यालय परसरा में 23 जुलाई को शिक्षण सप्ताह के अंतर्गत आज दूसरे दिन एफएलएन दिवस मनाया गया इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षकों द्वारा विद्यालय को निपुण विद्यालय बनाने हेतु शपथ लिया गया साथ ही बच्चों के सहयोग से टीएलएम निर्माण कराया गया तथा बच्चों को सभी विषयों के अलग-अलग टीएलएम के उपयोगिता के बारे में बताया गया शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षण सप्ताह के अंतर्गत प्रतिदिन विद्यालयों में अलग-अलग गतिविधि करने हेतु निर्देशित किया गया है जिसके अनुपालन में प्रतिदिन निर्धारित गतिविधि कराई जा रही है इस अवसर पर प्रधानाध्यापक रविंद्र नारायण मिश्र नीतू सक्सेना एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे

### सवर्ण आर्मी ने मनाया शहीद चंद्रशेखर आजाद का जन्मदिन

**कौशाम्बी।** सराय अकिल कस्बे में स्थित चंद्रशेखर पार्क में मंगलवार को सवर्ण आर्मी के जिलाध्यक्ष ने साथियों संग महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद का जन्मदिन मनाया। इस दौरान सवर्ण आर्मी के कार्यकताओं ने सर्वप्रथम पार्क में रखी चंद्रशेखर आजाद की मूर्ति व पूरे परिसर की साफ सफाई की। उसके बाद जिलाध्यक्ष अभिषेक पांडेय ने माल्यार्पण कर लड्डू वितरण करवाया। कार्यक्रम में अनूप मिश्रा, दीपक त्रिपाठी, पिंटू सिंह, रिंकू शर्मा, कन्हाई मिश्रा, धर्मेंद्र तिवारी, शुभम, प्रांकुश, रजनीकांत आदि मौजूद थे।

### पेपर लीक मामले में कौशाम्बी पुलिस का बड़ा एक्शन

**कौशाम्बी।** प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रश्नपत्र आउट करने वालों पर कौशाम्बी पुलिस ने बड़ा एक्शन लेते हुए 23 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है मुकदमा दर्ज किए जाने के बाद प्रश्न पत्र आउट करने वालों में हड़कंप मचा है आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है आरओ-एआरओ के साथ शिक्षक पात्रता परीक्षा में गैंग के सदस्यों ने सेंधमारी की थी प्रश्नपत्र आउट करने वाले 23 अभियुक्तों पर गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई की गई है मंझनपुर कोतवाली कोखराज थाने में गैंग के सदस्यों पर मुकदमा दर्ज है।

# दिव्यांगजनों को निःशुल्क कृत्रिम अंग सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए विकास खण्ड में शिविर का आयोजन

**कौशाम्बी।** दिव्यांगजन को समाज की मुख्य धारा से जोडने के लिए दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं दिव्यांगजन को उनकी आवश्यकतानुसार निःशुल्क कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण प्रदान करने के उददेश्य से विकास खण्ड स्तर पर चिन्हाकन शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं। यह जानकारी जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी विकास वर्मा ने देते हुए बताया कि जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार विकास खण्ड स्तर पर चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं। विकास खण्ड मंझनपुर में दिनांक 30 जुलाई 2024 को पूर्वान्ह 10:30 से 03 बजे तक शिविर का आयोजन किया जायेंगा। इसी प्रकार विकास खण्ड-सरसवां में 31 जुलाई, विकास खण्ड-कौशाम्बी में 01 अगस्त, विकास खण्ड-नेवादा में 02 अगस्त, विकास खण्ड-चायल 03 अगस्त, विकास खण्ड-मूरतगंज में 05 अगस्त, विकास खण्ड-सिराथू में 06 अगस्त एवं विकास खण्ड कड़ा में दिनांक 07 अगस्त 2024 को 10:30 से 03 बजे तक शिविर का आयोजन किया जायेंगा। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी ने बताया कि शिविर में विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना के अन्तर्गत-दिव्यांगजन को उसकी आवश्यकतानुसार विषय विशेषज्ञ चिकिसक द्वारा स्वीकृत सहायक उपकरण यथा-ट्राईसाइकिल, व्हील चेयर, बैशाखी कान मशीन एवं अन्ध छडी आदि के साथ ही कृत्रिम हाथ, पैर तथा कैलीपर आदि दिये जाने के लिए दिव्यांगजनों का चिन्हॉकन किया जायेंगा। इसी प्रकार शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अन्तर्गत दिव्यांग दम्पत्ति को विवाह के उपरान्त पुरस्कार स्वरूप धनराशि प्रदान की जाती है, ऐसे दिव्यांगजन, जिनका विवाह गत वित्तीय वर्ष अथवा वर्तमान वित्तीय वर्ष में हुआ है, उनका चिन्हाकन किया जायेंगा। दुकान निर्माण/संचालन योजना के अन्तर्गत दिव्यांजन को रोजगार के लिए ऋण प्रदान किया जाना हैं, ऐसे दिव्यांग जो खोखा-गुमटी का संचालन कर रहें हैं, विभाग द्वारा ऋण प्रदान किये जाने के लिए चिन्हान्कन किया जायेंगा। दिव्यांग भरण पोषण अनुदान (दिव्यांग पेंशन) योजना के अन्तर्गत ऐसे दिव्यांगजन जो किसी कारणवश योजना का लाभ नही प्राप्त कर रहें, उन्हें पेंशन योजना से लाभान्वित कराये जाने के लिए चिन्हाकिंत किया जायेंगा। इसके साथ ही अवशेष लाभार्थियों के पेंशन में आधार प्रमाणीकरण का कार्य पूर्ण कराया जायेंगा। यू0डी0आई0डी0 प्रोजेक्ट के अन्तर्गत सभी दिव्यांगजनों के स्वालम्बन कार्ड (यू0डी0आई0डी0) निर्गत किये जाने के लिए आवेदन पत्र एकत्रित किया जाएगा। शल्य चिकित्सा योजनान्तर्गत दिव्यांग बच्चें, जो पोलियों करेक्टिव सर्जरी/कॉक्लियर सर्जरी कराने के इच्छुक हो, उनका चिन्हॉकन कर सर्जरी करायी जायेंगी।

# थाने में बनाया जाए समझौता कमेटी व्यापारियों को दिया जाए शस्त्र लाइसेंस : रमेश अग्रहरि

**व्यापारी नेता ने अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था अमिताभ यश को कानून व्यवस्थ का एक आठ सूत्रीय ज्ञापन सौंपा**



**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रांतीय वरिष्ठ महामंत्री रमेश अग्रहरि एवं संगठन के अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश के अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था अमिताभ यश को कानून व्यवस्थ का एक आठ सूत्रीय ज्ञापन सौंपा प्रदेश में कानून व्यवस्था को सही कर व्यापारियों की सुरक्षा और निर्भीकता से व्यापार करने के लिए शस्त्र लाइसेंस तथा प्रदेश के सभी थानों में एक समझौता कमेटी का गठन करने की मांग किया गया था व्यापारियों की शिकायत पर प्राथमिकता के कार्यवाही सुनिश्चित किया जाए जिस पर अपर पुलिस महानिदेशक ने कहा कि हम इस पर पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार से वार्ता कर जल्द ही निर्णय लेंगे अपने आठ सूत्रीय मांग में अपना प्रस्ताव दिया कि थाने स्तर पर अगर एक समझौता कमेटी का गठन हो जाएगा तो ज्यादातर समस्याएं थाना स्तर पर ही सुलझ जाएगी और इससे विभाग मुकदमा से बचेगा एवं व्यापारियों के शस्त्र लाइसेंस के लिए एक निश्चित समय निर्धारित किया जाए कि इतने दिन में व्यापारियों को शास्त्र लाइसेंस से संबंधित रिपोर्ट दे दिया जाएगा जीएसटी एवं करदाता व्यापारियों के विरुद्ध कोई प्रार्थना पत्र आने पर थाने पर बुलाकर के किसी भी तरह की पूछताछ ना किया जाए उनके प्रतिष्ठान या आवास पर जाकर उनसे जानकारी करके अग्रिम कार्रवाई किया जाए अभी हाल में उद्यमी और व्यवसाययों के खिलाफ कोई भी आवेदन पत्र पर मिलता है तो पुलिस महानिदेशक लखनऊ ने एक आदेश निर्गत किया है कि उस पत्र की जांच करने के बाद ही कोई कारवाई किया जाए इसके लिए व्यापार मंडल ने उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार को धन्यवाद भी ज्ञापित किया आज के इस प्रतिनिधि मंडल में सचिन कंछल लखनऊ प्रदीप जैन बाराबंकी देवेंद्र मिश्रा मौजूद रहे।

## आशा संगिनी को मिलने वाले प्रोत्साहन राशि में स्वास्थ्य कर्मी कर रहा लाखों की वसूली

**कौशाम्बी।** सिराथू विकासखंड क्षेत्र के आशा संगिनी को उनका प्रोत्साहन राशि देने के बदले में ब्लॉक क्षेत्र के स्वास्थ्य कार्यालय में मौजूद एक स्वास्थ्य कर्मी द्वारा आशा संगिनी से बड़ी वसूली की जा रही है आशा संगिनी के ऊपर दबाव बनाकर उनसे की जाने वाली वसूली की चर्चा अब तो सड़क पर आ गई है बताया जाता है कि प्रत्येक आशा संगनी से 1000 प्रत्येक महीने प्रोत्साहन राशि के भुगतान के समय ले ली जाती है कुछ विशेष आशा संगति से 500 की वसूली करने के बाद उन्हें 500 छूट दे दी जाती है विभागीय आंकड़ों पर गौर करें तो सिराथू ब्लॉक क्षेत्र में लगभग 200 आशा संगिनी है और उनसे 2 लाख रुपए महीने की वसूली की जाती रही है वैसे तो पूरे जिले में आशा संगिनी से स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा वसूली हो रही है अब सवाल उठता है कि जिन आशा संगिनी को सरकार अभी तक वेतन नहीं दे पाई है उन्हें अभी तक सरकार ने राज्य कर्मचारी का दर्जा नहीं दिया है विभिन्न प्रकार के काम आशा संगिनी से लेने के बाद उन्हें मानदेय नहीं दिया जाता है प्रोत्साहन राशि के नाम पर उन्हें इतनी कम धनराशि दी जाती है कि आशा संगिनी के परिवार का जीविकोपार्जन नहीं चलता है लेकिन उसके बाद भी स्वास्थ्य विभाग में आशा संगिनी से उनके प्रोत्साहन राशि में हिस्सा वसूली होती है यह कितनी शर्मनाक बात है लेकिन वसूली करने वाले स्वास्थ्य कर्मी पर कार्यवाही नहीं हो पायी।

## संपादक की कलम से

# कांवड़ यात्रा : नेमप्लेट पर अंतरिम रोक

चुनाव आयोग निष्प्राण : चुनाव सुप्रीम कोर्ट करवाए !सर्वोच्च न्यायालय को बधाई चुनावी बांड रद्द करने के आदेश से लोकतंत्र मजबूत हुआ

कांवड़ यात्रा के मार्ग में आने वाली दुकानों, ठेलों आदि पर मालिक एवं कर्मचारियों के नाम लिखे जाने वाले उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम रोक लगा दी है। सोमवार को जहां एक ओर सावन मास के पहले सोमवार के साथ ही देश भर में कांवड़ यात्राएं प्रारम्भ हो गयी हैं, वहीं शीर्ष न्यायालय ने इस आदेश के खिलाफ दायर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया है। इस आदेश से उप्र के साथ ही यात्रा मार्ग पर दुकानदारों की पहचान बताने सम्बन्धी कई राज्य सरकारों के आदेश पर भी रोक लग गयी है। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि होटल चलाने वाले यह बता सकते हैं कि वे किस तरह का खाना परोस रहे हैं लेकिन उन्हें अपना व कर्मचारियों के नाम लिखने के लिये मजबूर नहीं किया जा सकता। अदालत का यह भी मानना था कि ऐसा आदेश जारी कर उप्र पुलिस ने अपनी ताकत का गलत इस्तेमाल किया है। उत्तर प्रदेश के अलावा मध्यप्रदेश एवं उत्तराखंड की सरकारों ने भी इसी आशय का आदेश जारी किया हुआ है जिन पर भी रोक लग गयी है।

इस आदेश को लेकर देश भर में रोष था और माना जा रहा था कि पहले मुजफ्फरपुर पुलिस तथा बाद में पूरे राज्य में दूकानदार का नाम लिखने का जो आदेश दिया गया है, उसका उद्देश्य सामाजिक ध्रुवीकरण है। हाल के हुए लोकसभा चुनाव में उप्र में भाजपा को बड़ी पराजय मिली थी। उसकी सदस्य संख्या वहां काफी घट गयी है। वैसे तो विधानसभा चुनाव अभी तकरीबन ढाई साल दूर हैं लेकिन यहां 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होंगे। उसमें बढ़त लेने तथा हिन्दू वोटों को पाने के लिये मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने यह आदेश जारी कराया है। इसके खिलाफ शनिवार को एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स नामक एक स्वयंसेवी संस्था ने याचिका दायर की थी। लेखक व बुद्धिजीवी अपूर्वानंद और आकार पटेल के साथ तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा की अलग-अलग याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करते हुए तीनों राज्यों (उप्र, मप्र व उत्तराखंड) की सरकारों को शुक्रवार तक का समय अपने जवाब दाखिल करने के लिये दिया गया। जस्टिस एसवी भट्ट तथा ऋ षिकेश राय ने कहा तब तक किसी को नेमप्लेट लगाने की जरूरत नहीं है और न ही ऐसा करने के लिये किसी को बाध्य किया जाये। उनका यह भी मानना है कि खाद्य विभाग यह तो सुनिश्चित कर सकता है कि कांवड़ियों को ताजा व शुद्ध खाना मिले लेकिन पुलिस को उसके काम में दखलंदाजी करने का अधिकार नहीं है।

देखा जाये तो इससे भारतीय जनता पार्टी की उप्र, उत्तराखंड तथा मध्यप्रदेश की सरकारों के उन मंसूबों पर पानी फिर गया है जो हिंदुओं के बीच अपनी जगह बनाये रखने के लिये कांवड़ यात्रा का इस्तेमाल करना चाहती थीं। गौरतलब है कि भाजपा सरकार के आदेश के जारी होते ही अनेक राजनैतिक दलों ने इसका विरोध किया था। केवल विपक्षी दल नहीं वरन भाजपा की सहयोगी पार्टी राष्ट्रीय लोक दल के अध्यक्ष व केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी, जनता दल यूनाइटेड के केसी त्यागी आदि ने भी इस आदेश का विरोध किया है। इस आदेश को लेकर लोग समझ गये थे कि इसके कारण जहां एक ओर सामाजिक विभाजन होगा वहीं दूसरी ओर अगड़ी-पिछड़ी जातियों के बीच भी विभाजन हो सकता है। इस आदेश को जिस तरीके से लागू किया गया वह भी संदेह के घेरे में है। जब न्यायाधीशों ने जानना चाहा कि यह आदेश है या केवल प्रेस बयान, तब याचिकाकताओं के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि यह छद्म आदेश है। इसे स्वैच्छिक तो बताया गया लेकिन इसका पालन एक तरह से अनिवार्य कर दिया गया है। दुकानदारों पर इसके लिये दबाव डाला जा रहा है। सिंघवी का तर्क था कि बहुत से शाकाहारी रेस्टारेंट हिन्दुओं की ओर से चलाये जा रहे हैं पर उनके कर्मचारी मुस्लिम या दलित हो सकते हैं। क्या कोई कह सकता है कि वह ऐसा खाना नहीं खायेगा जो मुस्लिमों या दलितों के द्वारा छुआ हुआ हो? स्वयं जस्टिस भट्ट ने बताया कि वे केरल के एक ऐसे स्थान पर रहे थे जहां केवल दो ही शाकाहारी रेस्टोरेंट थे। वे मुस्लिम के रेस्टोरेंट में जाते थे क्योंकि वहां सफाई बेहतर थी।

याचिकाकताओं की इस दलील में दम है कि इस आदेश से संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 17 एवं 19 (1) (ग) का उल्लंघन होता है क्योंकि इससे धर्म, जाति व नस्ल के आधार पर भेदभाव व छुआछूत को बढ़ावा मिलता है। वैसे यह आदेश कुछ वर्गों के लिये रोजगार का संकट भी बनकर आ सकता है। संप्रदाय या जाति के उजागर होने पर उनकी वस्तुओं, खासकर खाद्य सामग्रियों की बिक्री पर विपरीत असर हो सकता है। इसके अलावा देश के कई हिस्सों में, विशेषकर इन तीन राज्यों में जिस प्रकार से संप्रदाय व जाति आधारित विभाजन हुआ है, मुस्लिम व निचली जातियों के दुकानदारों को कांवड़ियों के रोष का शिकार भी होना पड़ सकता है जो अक्सर इस तरह का व्यवहार करते देखे जाते हैं।

## एक ही सुर के गायक- हिंदू-मुस्लिम!

- राजेंद्र शर्मा

अब सुप्रीम कोर्ट ने इन सांप्रदायिक रूप से विभाजनकारी आदेशों पर रोक लगा दी है और कहा है कि खाने के प्रकार, जैसे शाकाहारी-मांसाहारी आदि की पहचान कराना काफी है। सर्वोच्च न्यायालय के इस दो-टूक हस्तक्षेप के बाद, इस सिलसिले पर रोक लग जाने की उम्मीद की जानी चाहिए। कम से कम इतने खुले आम सांप्रदायिक विभाजन के खेल पर तो अंकुश लगना ही चाहिए।

कहावत है, पूत के पांव पालने में ही दीख जाते हैं। मोदी सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल के पहले करीब पचास दिनों में ही, अपने पांव बखूबी दिखा दिए हैं। और ये पांव बताते हैं कि हरेक संकट से उबरने का उसे एक ही रास्ता दिखाई देता है–सांप्रदायिक ताप बढ़ाया जाए। हैरानी की बात नहीं है कि इसका सबसे खुलेआम प्रदर्शन उस उत्तर प्रदेश से ही शुरू हुआ है, जहां आम चुनाव में भाजपा और उसके सहयोगियों को, कम से कम उनके हिसाब से अप्रत्याशित रूप से भारी हार का सामना करना पड़ा है। न सिर्फ भाजपा राज्य की कुल अस्सी सीटों में से 33 पर आ गयी और 2019 के लोकसभा चुनाव के मुकाबले 29 सीटें नीचे चली गयी, बल्कि राम मंदिर निर्माण पर केंद्रित अपनी तमाम प्रचार आंधी के बावजूद, उसने अयोध्या-फैजाबाद की अपनी सीट भी गंवा दी और वह भी सामान्य सीट से समाजवादी पार्टी द्वारा मैदान में उतारे गए, एक दलित उम्मीदवार के हाथों। इतना ही नहीं, इस राज्य में बनारस की सीट से तीसरी बार प्रधानमंत्री के चेहरे के तौर पर चुनाव मैदान में उतरे, खुद नरेंद्र मोदी की जीत का अंतर घटकर डेढ़ लाख के करीब रह गया, जो किसी प्रधानमंत्री की जीत का सबसे कम अंतर है। यही नहीं, कुल मिलाकर राज्य में भाजपा का मत फीसद भी, 2019 के चुनाव की तुलना में 8 फीसद से ज्यादा गिर गया और 41.5 फीसद के करीब पर आ गया।

स्वाभाविक रूप से उत्तर प्रदेश में सत्ताधारी भाजपा न सिर्फ इस हार से हिली हुई है बल्कि इसकी व्याख्या करने के मुश्किल सवाल से भी जूझ रही है कि चुनाव में उसकी ऐसी दुर्गत हुई तो कैसे? हैरानी की बात नहीं है कि इस मुश्किल सवाल के जवाब की तलाश ने राज्य में भाजपा के नेतृत्व की आपसी खींच-तान को एक नयी ऊंचाई पर पहुंचा दिया। पिछले ही दिनों जब राज्य में संघ-भाजपा द्वारा समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, इसकी अटकलों ने बहुत तेजी पकड़ ली कि आम चुनाव के दयनीय प्रदर्शन के बाद, आदित्यनाथ को मुख्यमंत्री पद से हटना पड़ सकता है। हालांकि, भाजपा के उत्तर प्रदेश राज्य अध्यक्ष, भूपेंद्र सिंह चौधरी ने 'आशा के अनुरूप नतीजे नहीं आने' की नैतिक जिम्मेदारी अपने ऊपर लेने की घोषणा की और वास्तव में चुनाव नतीजों के बाद ही वह अपने पद से इस्तीफे की पेशकश भी कर चुके थे।

# बोले जा प्यारे ! बम भोले

@ राकेश अचल

आषाढ़ निकल गया। सावन शुरू हो गया है। वो ही सावन जो लाखों का होता है और दो टकियों की नौकरी के फेर में बर्बाद हो जाता है। इस सावन का पहला सोमवार भोले बाबा के नाम है। मंगलवार इस देश की बैशाखा सरकार के नाम होगा, क्योंकि मंगलवार को सरकार देश की जनता के लिए एक लंगड़ा बजट लेकर आने वाली है। मेरी पशोपेश ये है कि मै लिखूं तो आखिर किस मुद्दे पर लिखूं ? क्योंकि हमारे देश में मुद्दे घड़ी-घड़ी बदलते हैं। जब तक एक मुद्दे के बारे में सोचो, तब तक दूसरा मुद्दा सिर तानकर खड़ा हो जाता है।

उत्तर प्रदेश में भोला भंडारियों के लिए सरकार के तुगलगी फरमान के बारे में लिख चुका हूँ। सरकार को सामाजिक समरसता से ज्यादा फिक्र भोले के भक्तों का धर्म भ्र्ष्ट होने की थी, सो मुजफ्फर नगर के सभी रेहड़ी, ठेले वालों तक को अपने-अपने नाम लिखकर टांगने का फरमान दे दिया गया। इस मांमले में चूंकि सुप्रीम कोर्ट तक बात पहुँच चुकी है, इसलिए मैंने इस मुद्दे को छोड़ दिया है। इस मुद्दे पर अब फैसला या तो सुप्रीम कोर्ट करेगा या फिर आने वाले दिनों में सूबे की जनता। जनता को आने वाले दिनों में विधानसभा की 10 सीटों के लिए होने वाले उप चुनावों में मतदान करना है।

आपको पता है कि भोले बाबा के सामने शायद हिन्दू-मुसलमान का मुद्दा कभी आया ही नहीं। बेचारे पहली बार फंसे हैं इस फेर में। वो भी योगी आदित्यनाथ की वजह से। योगी जी भी भोले बाबा के भक्त हैं और वे भी जो आजकल मुस्लिम विरोधी कहे जाते हैं। देखना ये है कि योगी जी कितने दिन भोले के भक्तों को मुसलमानों की दुकानों से दूर रख पाते हैं ? कितने दिन हिन्दू मुसलमान के यहां पंचर ठीक करने नहीं जाते ? कितने दिनों मुसलमानों के ठेलों से फल ,साग-सब्जी नहीं खरीदते ? कितने दिन उनसे बैल्डिंग नहीं कराते ? कितने दिन मुसलमानों से दूसरी सेवाएं नहीं लेते ?

भोले बाबा को छोड़िये अब अमित शाह साहब की बात कर लें। वे भी आजकल खूब बम-बम कर रहे है। लोकसभा चुनाव में पार्टी की करारी हार के बाद उनका बमकना कुछ ज्यादा ही बढ़ गया है। अपने बाप की उम्र के शरद पंवार पर वे खूब बमके। उन्हें भ्ष्टार्चार का सरदार बता दिया। मजबूरी कुछ भी करा सकती है आदमी से। महाराष्ट्र जीतने के लिए शाह साहब सब कुछ हारने के लिए तैयार दिखाई दे रहे हैं। वे कभी अपनी पार्टी के पुराने साथी उद्धव ठाकरे पर बमकते हैं तो कभी शरद पंवार पर। कांग्रेस का भूत तो उनके सिर से उतरने का नाम ही नहीं लेता। आदमी दूध से जलने के बाद छाछ भी फूंक-फूंककर पीता है लेकिन बन्दा है कि सब कुछ गर्मागर्म पी लेना चाहता है, भले ही जबान और जुबान दोनों जलकर राख हो जाएँ। बमकने के मामले में इंडिया गठबंधन वाले भी कम नहीं है। ममता दीदी को ही लीजिये।



उन्होंने बमकते हुए कह दिया है कि बांग्लादेश से जो भी शरणार्थी आएंगे उन्हें उनकी सरकार पूरा संरक्षण देगी।

शरणार्थियों को शरण देना हमारे देश की सनातन नीति है लेकिन आजकल की सरकार की विदेश नीति से मेल नहीं खाती। सनातन कहानियों में त्रेता में राम ने बिभीषण को शरण दी और आज हम हैं कि किसी को शरण नहीं देना चाहते। और देना भी चाहते हैं तो पहले उनकी पूँछ उठाकर देखना चाहते हैं कि वे हिन्दू हैं या नहीं ? जाहिर है कि शरणार्थियों के मामले में हमारे यहां देश और राजनीतिक दल एक राय नहीं हैं। हो भी नहीं सकते। होना भी नहीं चाहिए।

इधर आप आज भोले बाबा पर बेलपत्र चढ़ाकर फारिग होंगे उधर कल 23 जुलाई को केंद्र सरकार अपना सीतारामी बजट लेकर आपके ऊपर बमकेगी। आप बजट में राहत की उम्मीद लगाकर बैठे हैं। आपको लगता है कि सरकार का बजट बजटपूर्व की हलुवा सेरेमनी जैसा मीठा होगा, लेकिन ऐसा मुमकिन नहीं है। सरकार आपकी नहीं अडानी और अम्बानी की चिंता पहले करेगी। करना भी चाहिए। आप केवल वोट देते हैं और अडानी-अम्बानी टेम्पो में भर-भरकर नोट देते हैं राजनीतिक दलों को। ये बात हम नहीं कहते, हमारे भाग्यविधाता,अविनाशी प्रधानमंत्री जीने खुद कही है। आपको यदि उनके सूत्रवाक्य सुनना हों तो गूगल खंगाल लीजिये। आजकल आप जो भी अच्छा-बुरा बोलते हैं वो सब 'गूगल अक्षय पात्र' में संग्रहित हो जाता है।

देश में सर्वाधिक बमकने वाले दिल्ली के मुख्यमत्री अरविंद केजरीवाल का बमकना आजकल कम हो गया है ,लेकिन उनकी पार्टी बमक रही है। आप का कहना है कि कोई है जो केजरीवाल को हलाल करने की कोशिश कर रहा है। केजरीवाल का स्वास्थ्य खराब है। उनका वजन गिर रहा है। लेकिन सरकार और सरकारी पार्टी इसे केजरीवाल का नाटक बता रही है। ' खग जाने खग की भाषा '। केजरीवाल आखिर एक जमाने में सरकारी पार्टी की ' बी ' टीम की तरह काम करते थे । वे आजकल आईएनडीआईए गठबंधन में हों लेकिन हैं तो आधे-अधूरे ही। भगवान भोले नाथ उनकी रक्षा करें।

एक हकीकत ये है कि 2024 के आम चुनाव तक देश राम भरोसे चल रहा था, लेकिन चुनाव के बाद देश भगवान भोलेनाथ के भरोसे चल रहा है। आने वाले दिनों में हमें देशज राजनीति में भोले की माया ही देखने को मिलेगी । फिर भले ही यूपी में विधानसभा के उपचुनाव हों या महाराष्ट्र, झारखण्ड और बिहार में विधानसभाओं के चुनाव। यूपी में बाबा विश्वनाथ हैं, तो महाराष्ट्र में भीमाशंकर और बिहार में भोले बैद्यनाथ के रूप में विराजमान हैं, भोले की मर्जी सिर्फ भोले जानते हैं। आम जनता को तो केवल कांवड़ ढोना है। बम-बम करना है। अब देखिये सावन में क्या गुल खिलते हैं मेघराज इंद्र ?

## प्रतिबंध मुक्त संघ एक नयी किरण का आगाज



केंद्र की राजग सरकार ने एक महत्वपूर्ण एवं साहसिक आदेश के जरिये सरकारी कर्मचारियों के राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की गतिविधियों में शामिल होने पर लगी रोक को हटा कर लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक भावना एवं मूल्यों का जीवंत किया है। भले ही इस आदेश को लेकर विपक्षी राजनीतिक दलों की तल्ख प्रतिक्रिया सामने आ रही है। वहीं संघ ने फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि तत्कालीन सरकार ने निराधार ही शासकीय कर्मियों के संघ की गतिविधियों में भाग लेने पर रोक लगायी थी। निश्चित ही वर्तमान सरकार का यह निर्णय लोकतांत्रिक व्यवस्था को पुष्ट करने वाला है क्योंकि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ एक गैर-राजनीतिक संगठन है, गत 99 वर्षों से सतत राष्ट्र के पुनर्निर्माण एवं समाज की सेवा में संलग्न संघ एक रचनात्मक, सृजनात्मक एवं सांस्कृतिक संगठन है। राष्ट्रीय सुरक्षा, एकता-अखंडता एवं प्राकृतिक आपदा के समय में संघ के योगदान की विभिन्न राजनीतिक विचारधारा के नेताओं एवं दलों ने प्रशंसा भी की है। इस नये आदेश को लेकर इंडी गठबंधन के दलों में खलबली एवं बौखलाहट का सामने आना स्वाभाविक है, क्योंकि इस आदेश से संघ की ताकत बढ़ेगी, जो इन विपक्षी दलों की चिन्ता का बड़ा कारण है।

दरअसल, आरोप है कि पूर्व की कांग्रेस सरकारों ने समय-समय पर सरकारी कर्मचारियों की संघ के कार्यक्रमों में शामिल होने पर रोक लगा दी थी। संघ की गतिविधियों में शामिल होने पर कर्मचारियों को कड़ी सजा देने तक का प्रावधान लागू किया गया था। सेवानिवृत होने के बाद पेंशन लाभ इत्यादि को ध्यान में रखते हुए भी अनेक सरकारी कर्मचारी चाहते हुए भी संघ की गतिविधियों में शामिल होने से बचते थे। हालांकि, इस बीच मध्यप्रदेश सहित कई राज्य सरकारों ने इस आदेश को निरस्त कर दिया था, लेकिन इसके बाद भी केंद्र सरकार के स्तर पर यह वैध बना हुआ था। इस मामले में एक वाद इंदौर की अदालत में चल रहा था, जिस पर अदालत ने केंद्र सरकार से सफाई मांगी थी। इसी पर कार्रवाई करते हुए केंद्र सरकार ने नौ जुलाई को एक ऑर्डर जारी करते हुए उक्त प्रतिबंधों को समाप्त करने की घोषणा कर दी। निश्चित ही यह आदेश संघ से जुड़े एवं राष्ट्रीय विचारधारा वाले सरकारी कर्मचारियों के लिये एक नयी किरण है। आपातकाल में इंदिरा गांधी सरकार की तानाशाही खुलकर सामने दिखी थी, लेकिन उससे पहले भी तानाशाही कदम उठाए जाते रहे थे। दरअसल, 7 नवंबर 1966 को संसद के सामने गोहत्या के खिलाफ एक बड़ा प्रदर्शन हुआ था। 30 नवंबर 1966 को संघ-जनसंघ के प्रभाव से हिलकर इंदिरा गांधी ने सरकारी कर्मचारियों के संघ में शामिल होने पर प्रतिबंध लगा दिया। क्योंकि संघ व जनसंघ के प्रयासों से लाखों लोग जुटे थे और पुलिस के साथ टकराव में कई लोगों की जान गई थी। गोलीबारी में सैंकड़ों निर्दोष साधु-संत मारे गये थे। इस जघन्य हत्याकांड से क्षुब्ध होकर तत्कालीन गृहमंत्री गुलजारी लाल नंदा ने अपना त्यागपत्र दे दिया था। कांग्रेस पार्टी ने 58 साल पहले वर्ष 1966 में संघ पर लगाये गए प्रतिबंध को हटाने के औचित्य पर सवाल उठाए हैं। कहा जा रहा है कि जनसंघ, वाजपेयी सरकार और मोदी सरकार की पिछली एक दशक की सरकार के दौरान भी यह प्रतिबंध नहीं हटाया गया था, फिर अभी हटाने के पीछे गहरी राजनीतिक चाल है। वहीं संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील अंबेकर का कहना है कि संघ पिछले 99 साल से राष्ट्र के सतत निर्माण व समाज सेवा में संलग्न रहा है। अपने राजनीतिक स्वार्थ के चलते तत्कालीन सरकार ने शासकीय कर्मचारियों को संघ जैसे रचनात्मक संगठन की गतिविधियों में भाग लेने हेतु निराधार प्रतिबंधित किया था। क्रांति का फलित है व्यापक स्तर पर होने वाला कोई बड़ा परिवर्तन। व्यक्ति जिस समाज में जीता है, उसकी व्यवस्थाओं, नीतियों और परम्पराओं में जब घुटन का अनुभव करता है जो वह किसी नए मार्ग का अनुसरण करता है। आज आजादी के बाद की राजनीतिक विसंगतियों से पनपी ऐसी ही घुटन से बाहर निकालने के प्रयत्न वर्तमान सरकार द्वारा हो रहे हैं। ऐसा ही एक विशिष्ट उपक्रम है सरकारी कर्मचारियों के संघ की गतिविधियों में भाग लेने पर लगा प्रतिबंध का हटना। इसको लेकर भी विपक्षी दलों द्वारा जनता को गुमराह किया जा रहा है, राष्ट्र की एकता को विखंडित करने के प्रयास हो रहे हैं। लेकिन केंद्र सरकार ने संघ की गतिविधियों में कर्मचारियों के शामिल होने पर लगे प्रतिबंध को हटाकर नागरिक स्वतंत्रता की रक्षा की है। निःसंदेह, सरकार का यह निर्णय लोकतंत्र और संविधान की भावना को मजबूत करनेवाला है। भारत का संविधान प्रत्येक नागरिक को यह अधिकार देता है कि वह विविध सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक संगठनों में शामिल हो सके। एक सामान्य नागरिक की भांति यह अधिकार कर्मचारियों को भी प्राप्त है कि अपने कार्यालयीन समय के बाद सामाजिक गतिविधियों का हिस्सा हो सकते हैं। परंतु, लोकतंत्र और संविधान की दुहाई देनेवाली कांग्रेस की सरकार ने तानाशाहीपूर्ण तरीके से संघ की गतिविधियों में सरकारी कर्मचारियों के भाग लेने पर प्रतिबंध लगा दिया था, जो एक प्रकार से राष्ट्रीय विचार के प्रति झुकाव रखनेवाले लोगों को हतोत्साहित करने का प्रयास ही था।

# अर्थव्यवस्था को तीव्र गति एवं महाशक्ति बनाने वाला बजट

-: ललित गर्गः-

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का प्रथम सम्पूर्ण बजट वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रस्तुत किया, उनकी ओर से प्रस्तुत यह बजट एक मौलिक सोच एवं दृष्टि से दुनिया में भारतीय अर्थव्यवस्था को एक चमकते सितारे के रूप में स्थापित करने एवं सुदृढ़ आर्थिक विकास के लिये आगे की राह दिखाने वाला है। संभावना है कि इस बजट में समावेशी विकास, वंचितों को वरीयता, नौकरीपेशा का थोड़ी राहत, बुनियादी ढांचे में निवेश, पर्यटन को बढ़ावा, आदिवासी उन्नयन, क्षमता विस्तार, हरित एवं कृषि विकास, महिलाओं एवं युवाओं की भागीदारी, मोदी के नये भारत-सशक्त भारत-विकसित पर बल दिया गया है। वित्त मंत्री ने सरकार की 9 प्राथमिकताओं -खेती में उत्पादकता और मजबूती बढ़ाना, रोजगार और स्किल डेवलपमेंट, मानव संसाधन का समावेशी विकास और सामाजिक न्याय, मैन्युफैक्चरिंग और सर्विसेज, अर्बन डेलपमेंट, एनर्जी सिक्योरिटी, इंफ्रास्ट्रक्चर, इनोवेशन, रिसर्च एंड डेवलपमेंट, नेक्स्ट जेनरेशन रिफॉर्म्स का ऐलान किया है, जो देश को आत्मनिर्भर बनाने की रफ्तार को भी गति देगा। बजट में जहां बिहार और आंध्र प्रदेश को विशेष योजनाओं से जोड़ा गया है वहीं महंगाई को नियंत्रित करने की मंशा साफ दिखाई दी है। विकास, स्टार्टअप और रोजगार सृजन के कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दिया गया है। यह बजट देश को न केवल विकसित देशों में बल्कि इसकी अर्थव्यवस्था को विश्व स्तर पर तीसरे स्थान दिलाने के संकल्प को बल देने में सहायक बनेगा। सातवीं बार बजट प्रस्तुत कर वित्तमंत्री सीमारमण ने पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई द्वारा स्थापित रिकॉर्ड को तोड़ दिया है, जिन्होंने वित्त मंत्री के रूप में पांच वार्षिक बजट और एक अंतरिम बजट पेश किया था।

सशक्त एवं विकसित भारत निर्मित करने, उसे दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनाने और अर्थव्यवस्था को तीव्र गति देने की दृष्टि से वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा मंगलवार को लोकसभा में प्रस्तुत आम बजट इसलिए विशेष रूप से उल्लेखनीय है, क्योंकि मोदी सरकार ने देश के आर्थिक भविष्य को सुधारने पर ध्यान दिया, न कि लोकलुभावन योजनाओं के जरिये प्रशंसा पाने अथवा कोई राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश की है।



राजनीतिक हितों से ज्यादा देशहित को सामने रखने की यह पहल अनूठी है, प्रेरक है। अमृत काल का विजन तकनीक संचालित और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था का निर्माण करना है, जो इस बजट से पूर्ण होता हुआ दिखाई देता है। इस बजट में मध्यम वर्ग को लम्बे अन्तराल के बाद 7 लाख रुपये तक की कुल कमाई करने वालों को बड़ी राहत दी है। नए टैक्स रिजीम के तहत स्टैंडर्ड डिडक्शन की लिमिट 50 हजार रुपये से बढ़ाकर 75 हजार रुपये कर दिया गया है। साथ ही नए टैक्स रिजीम में टैक्स स्लैब में बदलाव किया गया है। बजट में लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन्स टैक्स में भी कुछ अहम बदलाव करने का एलान किया है। मौजूदा नियमों के तहत एक वित्त वर्ष के दौरान अधिकतम 1 लाख रुपये तक के लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन पर कोई टैक्स नहीं लगता है। इस लिमिट को बढ़ाकर 1.25 लाख रुपये सालाना कर दिया गया है।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, ह्यनवाचार, अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिये बुनियादी अनुसंधान और प्रोटोटाइप विकास के लिए अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान कोष की स्थापना की घोषणा की। वाणिज्यिक स्तर पर निजी क्षेत्र द्वारा संचालित अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए 1 लाख करोड़ रुपये का वित्तपोषण पूल भी बनाया जाएगा। मोबाइल फोन और मोबाइल पीसीबीएस तथा मोबाइल चार्जर पर बीसीडी को घटाकर 15 प्रतिशत करने का प्रस्ताव किया गया है। वित्तीय घाटा 2024-25 तक सकल घरेलू उत्पाद का 4.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। लक्ष्य घाटे को 4.5 प्रतिशत से नीचे पहुंचाने का लक्ष्य है। 25,000 ग्रामीण बस्तियों को सभी मौसमों के अनुकूल सड़कें प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना चरण 4 का शुभारंभ किया जाएगा। कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास बनाए जाएंगे। छात्रावासों और क्रेच के माध्यम से कार्यबल में महिलाओं की अधिक भागीदारी को बढ़ावा दिया जाएगा। सरकार समग्र विकास के लिए राष्ट्रीय सहयोग नीति लाएगी। घरेलू संस्थानों में उच्च शिक्षा के लिए 10 लाख तक के ऋण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने का भी प्रस्ताव है। इस वर्ष शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

भारत की अर्थव्यवस्था को तीव्र गति देने की दृष्टि से यह बजट कारगर साबित होगा, जिसके दूरगामी सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे, रोजगार के नये अवसर सामने आयेंगे, उत्पाद एवं विकास को तीव्र गति मिलेगी। चालू वित्त वर्ष में आर्थिक क्षेत्र में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिले, लेकिन इन सब स्थितियों के बावजूद इस बजट प्रावधानों के माध्यम से देश को स्थिरता की तरफ ले जाते दिखाई पड़ रहे हैं। बजट हर वर्ष आता है। अनेक विचारधाराओं वाले वित्तमंत्रियों ने विगत में कई बजट प्रस्तुत किए। पर हर बजट लोगों की मुसीबतें बढ़ाकर ही जाता रहा है। लेकिन इस बार बजट ने अर्थव्यवस्था में नयी परम्परा के साथ राहत की सांसें दी है तो नया भारत- सशक्त भारत-विकसित के निर्माण का संकल्प भी व्यक्त किया है।

इस बजट में कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, रेलों का विकास, सड़कों और अन्य बुनियादी ढांचागत क्षेत्रों के विकास के साथ-साथ किसानों, आदिवासियों, गांवों और गरीबों को ज्यादा तवज्जो दी गयी है। सच्चाई यही है कि जब तक जमीनी विकास नहीं होगा, तब तक आर्थिक विकास की गति सुनिश्चित नहीं की जा सकेगी। इस बार के बजट से हर किसी ने काफी उम्मीदें लगा रखी थीं और उन उम्मीदों पर यह बजट खरा उतरा है। विशेषतः नौकरीपेशा लोगों ने राहत की सांस ली है।

संभवतः इस बजट को नया भारत निर्मित करने की दिशा में लोक-कल्याणकारी बजट कह सकते हैं। यह बजट वित्तीय अनुशासन स्थापित करने की दिशाओं को भी उद्घाटित करता है। आम बजट न केवल आम आदमी के सपने को साकार करने, आमजन की आकांक्षाओं को आकार देने और देशवासियों की आशाओं को पूर्ण करने वाला है बल्कि यह देश को समृद्ध और शक्तिशाली राष्ट्र बनाने की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण एवं दूरगामी सोच से जुड़ा कदम है। बजट के सभी प्रावधानों एवं प्रस्तावों में जहां ह्यहर हाथ को कामह्न का संकल्प साकार होता हुआ दिखाई दे रहा है, वहीं ह्यसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वासह्न का प्रभाव भी स्पष्ट रूप से उजागर हो रहा है। आजादी के अमृत काल में प्रस्तुत यह बजट निश्चित ही अमृत बजट है। जिसमें भारत के आगामी 25 वर्षों के समग्र एवं बहुमुखी विकास को ध्यान में रखा गया है। बीते कुछ सालों में नरेन्द्र मोदी ने इकॉनमी को मजबूत करने के लिए जो नींव रखी थी, अब उस पर मजबूत इमारत खड़ा करने का मौका है।

आदिवासी समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान शुरू किया जाएगा। इससे 63,000 गांवों को कवर किया जाएगा, जिससे 5 करोड़ आदिवासी लोगों को लाभ होगा। बजट में टूरिज्म पर विशेष बल दिया गया है। पर्यटन हमेशा से हमारी सभ्यता का हिस्सा रहा है।. भारत को वैश्विक गंतव्य के रूप में स्थापित करने के सरकार के प्रयासों से रोजगार के अवसर पैदा होंगे। बिहार में राजगीर और नालंदा के लिए एक व्यापक विकास पहल की जाएगी। सरकार ओडिशा में पर्यटन को बढ़ावा देंगी, जिसमें प्राकृतिक सुंदरता, मंदिर, शिल्पकला, प्राकृतिक परिदृश्य, वन्यजीव अभयारण्य और प्राचीन समुद्र तट हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आशा के अनुरूप ही बजट का फोकस किसानों, आदिवासियों, स्वास्थ्य, शिक्षा, शहरी विकास, रोजगार, युवाओं की अपेक्षाओं, विकास और ग्रामीण क्षेत्र एवं पर्यटन पर रखा है।

# चित्रकूट संदेश

## दम्पति में पुलिस ने कराई सुलह

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र में पुलिस ने पारिवारिक विवाद को समाप्त कराकर दम्पति में सुलह कराई। मंगलवार को मऊ कस्बे की श्रीमती अनीसा देवी पुत्री शिवचरन ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे पत्र में पति गंगादयाल पुत्र धर्मपाल लालतारोड पर आरोप लगाया कि ससुरालीजन गाली-गलौज, मारपीट व विवाद कर प्रताड़ित करते हैं। दहेज की मांग करते हैं। एसपी ने पत्र निस्तारण को प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र भेजा। केन्द्र प्रभारी श्रीमती गुड्डी देवी, महिला सिपाही माद्री तोमर, महिला सिपाही शिल्पा पाण्डेय, महिला सिपाही सविता देवी ने शिकायतकर्ता की शिकायत को सुन-समझकर दूसरे पक्ष को पुलिस कार्यालय बुलाया। दोनो पक्षों को आपस में विवाद न करने व पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही।

# झूंठ की नींव पर जुमलों का बजट

## नीतीश-नायडू व आम आदमी के हाथ में थमाया झुनझुना

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** केन्द्र की भाजपा सरकार की वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के आज पेश बजट में लोगों ने मिश्रित प्रतिक्रिया जताई है। सपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अनुज सिंह यादव ने बजट पर कहा कि सरकार किसान को खाद, बीज, कीटनाशक दवाई नहीं दे पा रही। किसानों की आय अभी तक दुगना नहीं कर सकी।

मंगलवार को केन्द्र सरकार के पेश बजट पर सपा नेता अनुज सिंह यादव ने कहा कि सरकार महिलाओं को सुरक्षा नहीं दे पा रही। दवाई, पढ़ाई लगातार महंगी होती जा रही है। नवयुवक रोजगार को भटक रहे हैं। इस पर बजट में खामोशी है। सौ स्मार्ट सिटी किस ग्रह में है, अभी तक पता नहीं। बजट को जुमला करार देते हुये वित्तमंत्री ने कहा कि बीस लाख आबादी के शहरों की प्रगति कराकर



बजट पर अपनी अपनी प्रतिक्रिया देते लोग।

हब बनायेंगे। मोदी सरकार के हर बजट की तरह ये बजट भी चंद बडे उद्योगपतियों की बल्ले- बल्ले करेगा। मंझोले व्यापारी का शोषण व छोटा व्यापारी पिसकर रह जायेंगे। बजट में युवाओं के प्रशिक्षण की बात कही है। जो सदी का सबसे बड़ा धोखा है। देश को सबसे ज्यादा सांसद देने वाले उप्र को बजट में कुछ नहीं मिल सका।

इसी क्रम में माकपा जिला सचिव का रुद्र प्रसाद मिश्र एड ने कहा कि बजट में बेरोजगारी दूर करने, सरकारी नौकरी पाने, महंगाई कम करने का कोई प्राविधान नहीं है। प्राइवेट पूंजीपतियों के यहां नौजवानों को रोजगार देने व पूंजीपतियों की संपत्ति बढ़ाने तथा कर्ज देने का बजट है। कुल मिलाकर बजट पूंजीपतियों की पूंजी बढ़ाने व नौजवानों का शोषण करने को पेश किया है। आम जनता को बजट से कोई लाभ नहीं है। सपा अम्बेडकर वाहिनी राष्ट्रीय सचिव मान सिंह पटेल ने कहा कि ये बजट झूंठ की नींव पर जुमलों का बजट है। ये बजट नीतीश व नायडू से डरा प्रतीत हो रहा है।

सपा सदर विधायक अनिल प्रधान ने कहा कि ये बजट आम जनता को राहत देने वाला नहीं है। बजट में महंगाई, बेरोजगारी कम करने के कोई उपाय नहीं है। सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने कहा कि ये बजट सत्ता की कुर्सी बचाने वाला बजट है। बजट में आम जनता के लिए कुछ नहीं है। सपा जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र यादव ने कहा कि बजट में नीतीश व नायडू को खुश करने के प्रयास किये हैं, ताकि सरकार बची रहे। नीतीश-नायडू और आम आदमी के हांथ में झुनझुना थमाया गया है।

# लेखपाल का तबादला तो हुआ, नहीं बैठाई जांच

अखंड भारत संदेश

**मानिकपुर/चित्रकूट।** तहसील क्षेत्र में कार्यरत लेखपाल की कारगुजारियों से जनता त्रस्त है। लेखपाल मस्त हैं। क्षेत्रवासियों के शिकायत पर भी एसडीएम लेखपाल पर कार्यवाही नहीं करते।

मानिकपुर तहसील के लेखपालों की कारगुजारी का खुलासा मंगलवार को हुआ। बताया गया कि लेखपाल अपने मूल कार्य को छोड़कर भू-माफियाओं के लिए काम करते हैं। ग्रामीणों ने एसडीएम से ऐसे लेखपालों को हटाने की मांग की है। मानिकपुर तहसील में काफी समय से करौंहा, जारोमाफी, छेरिहाखुर्द, किहुनिया, अमचुर नेरूवा, डोंडामाफी, इटवा आदि दर्जनों गांवों में तैनात लेखपाल जितेन्द्र गुप्ता बड़े भू-माफियाओं से मिलीभगत कर कोलों की जमीन औने-पौने दाम पर

### लेखपाल की कारगुजारियों से लोग परेशान

बिकवाकर मोटी रकम वसूलता है। मौजूदा लेखपाल जितेंद्र गुप्ता वन विभाग की जमीनों को भू-माफियाओं को नापकर कब्जा दिला देता है। किसानों की जमीन की पैमाइश करने में पैसों की मांग करता है। राजस्व नियमों की कास्तकारों को जानकारी न होने से विवाद पैदा करता है। क्षेत्र के विनय कुमार द्विवेदी, राजेश कुमार, मनोज कुमार, देव नारायण, पवन कुमार, राजेन्द्र कुमार ने लेखपाल पर गंभीर आरोप लगाये हैं। मारकुण्डी के यश त्रिपाठी ने बताया कि लेखपाल जितेन्द्र गुप्ता का अगरहुण्डा तबादला तो एसडीएम ने कर दिया है, लेकिन कोई जांच नहीं की। उसकी कारगुजारियों की जांच हो तो उसका निलम्बन व बर्खास्तगी तय है।



सरैंया पावर हाउस का निरीक्षण करते विधायक।

## विधायक ने निरीक्षण कर दिये निर्देश

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिले में अघोषित विद्युत कटौती व 33 केवीए की विद्युत आपूर्ति न होने से विद्युत आपूर्ति को हाहाकार मचा है। सपा सरकार में मंजूर 220 केवीए पॉवर हाउस सरैंया की सदर विधायक अनिल प्रधान ने जानकारी ली। मंगलवार को सदर विधायक अनिल प्रधान ने सौ एमबीए के खराब ट्रांसफार्मर की जगह 160 एमबीए का ट्रांसफार्मर लग रहा है। जिले में सुचारू ढंग से विद्युत आपूर्ति में 15 दिन का समय लगेगा। जिम्मेदार विद्युत अधिकारी गर्मी के समय चेत जाते तो बिजली संकट न पैदा होता। विधायक ने विद्युत अधिकारियों से जिले की धडाम विद्युत व्यवस्था जल्द सुधारने के निर्देश दिये हैं। चेताया कि इस बार विद्युत व्यवस्था में आमूल-चूल सुधार न हुआ तो बडा आन्दोलन होगा।

## बागवानी का लाभ उठायें किसानः डीएचओ

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिला उद्यान अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पांडेय ने किसानों से कहा कि जिले में एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना 2024-25 में नवीन उद्यान रोपण को पपीता दो हे, संतरा चार हे, नींबू आठ हे, आंवला पांच हे, करौंदा पांच हे, बेल दो हे, जैक फूट दो सौ के लक्ष्य मिले हैं। इच्छुक किसान अपना आधारकार्ड, खतौनी, बैंक पासबुक की छायाप्रति, फोटो, मोबाइल नंबर व विभाग की पंजीयन जिसमें रोपण की मांग हो, देकर लाभ ले सकते हैं।

# पदोन्नति में आरक्षण का जारी करें शासनादेश

### बीस सूत्रीय मांगों का बेसिक टीचरों ने सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** एससी-एसटी बेसिक टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष गया प्रसाद बौद्ध व जिला महामंत्री मुन्नीलाल शाक्य की अगुवाई में शिक्षकों ने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन एडीएम एफआर दिनेशचन्द्र निगम को सौंपा।

सोमवार को एससी-एसटी बेसिक टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष गया प्रसाद बौद्ध व जिला महामंत्री मुन्नीलाल शाक्य की अगुवाई में शिक्षकों ने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री



एडीएम को ज्ञापन देते बेसिक टीचर्स।

सम्बोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपकर कहा कि पदोन्नति में आरक्षण का शासनादेश जारी कर सर्वोच्च न्यायालय के 26 सितम्बर 2018 के पदोन्नति लागू करने के निर्णय को प्रदेश सरकार ने लागू नहीं किया। पदोन्नति में आरक्षण का शासनादेश निर्गत कर लागू किया जाये। पदोन्नति में आरक्षण 117वें संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा में पास कर नौंवी अनुसूची में डाला जाये। शिक्षकों-कर्मचारियों व अधिकारियों का डिमोशन वापस किया जाये। 2005 के बाद शिक्षकों-कर्मचारियों-अधिकारियों को पुरानी पेंशन दी जाये। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्गों का खाली बैकलाग अभियान चलाकर भरा जाये। शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं का समाधान किया जाये। एससी-एसटी बेसिक टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन को विभागीय मान्यता दी जाये। बैठकों में एसोसिएशन को शामिल किया जाये। जनपदीय तबादले वर्षों से लम्बित हैं। बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रण में कार्यरत शिक्षकों को ग्रेड वेतन 46 सौ से 48 सौ पाने की तिथि से मूल वेतन 17140 व 18150 दिया जाये आदि 20 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन एडीएम को सौंपा। इस मौके पर शिक्षक वीरेन्द्र कुमार, विजय कुमार, जाहर सिंह, विनोद कुमार, सूरजभान, भइयालाल, रामलखन सिंह, अखिलेश कुमार, श्रवण कुमार, विजय कुमार, निरंजन कुमार आदि शामिल रहे।

# भक्तिभाव से गुरु पूर्णिमा पर संत रणछोड़दास का हुआ पूजन

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** परमहंस संत श्री रणछोड़दास महाराज के श्री रघुवीर मन्दिर परिसर में गुरु पूर्णिमा हर्षोल्लास से मनाया। पर्व पर सवेरे गुरु पादुका पूजन हुआ। देश भर से आये गुरु भाई-बहनों व सदगुरु परिवार सदस्यों ने शिरकत की।

मंगलवार को ट्रस्टी डॉ बीके जैन, डॉ इलेश जैन, श्रीमती ऊषा जैन ने शास्त्रोक्त विधि से आचार्यों व संतों का पूजन-अर्चन किया। गुरुदेव को भोग-प्रसाद लगाया। दोपहर में भंडारा हुआ। ढाई हजार से अधिक साधु-संत, महंत, अभ्यर्थी व दरिद्रनारायण भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। शाम को सामूहिक सुंदरकांड पाठ हुआ। इस मौके पर समूचे मन्दिर परिसर को फूलों व रोशनी से सजाया। पांच दिवसीय चलने वाले जया पार्वती व्रत की बालिकाओं ने पूजन कर प्रार्थना



दानदाता को सम्मानित करते ट्रस्टी।

की। ट्रस्ट ने नवनिर्मित सद्गुरु सदन भवन, सामुदायिक चिकित्सकीय ओपीडी व वार्ड का लोकार्पण किया। सदगुरु सदन का पूजन व लोकार्पण मुख्य सहयोगदाता दिल्ली से पधारे भूमेश कुमार गौड़ व परिवार के सदस्यों ने किया। सामुदायिक नेत्र चिकित्सकीय ओपीडी व सब स्पेशियलिटी का लोकार्पण प्रमुख सहयोगदाता धनेशभाई हरियानी, धीरूभाई-दीनाबेन हरियानी परिवार जयपुर ने किया। ट्रस्ट ने दोनों परिवार के सदस्यों को अमूल्य योगदान के लिए समारोह में मानस मर्मज्ञ उमाशंकर महाराज के मुख्य आतिथ्य में सम्मानित किया। इस मौके पर ट्रस्टी डॉ बीके जैन, डॉ इलेश जैन, अधीक्षक डॉ आलोक सेन, डॉ राजपूत, डॉ पूनम आडवाणी, श्रीमती ऊषा जैन समेत डॉ राजेश जोशी, डॉ गौतम परमार, डॉ राकेश शाक्या, डॉ प्रज्ञा सेन, डॉ नरेंद्र पाटीदार, डॉ आशीष बजाज आदि मौजूद रहे।

## सचिव निलम्बित

**चित्रकूट।** विकास कार्यों में धांधली पर डीएम के निर्देश पर डीपीआरओ ने ग्राम पंचायत अधिकारी आशुतोष कुमार को तैनाती गांव में ग्रामीणों के जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत न करने, निर्वाचित सदस्यों का बैठक भत्ता न देने, प्रधानों को मानदेय न देने तथा गांवों में मंजूर विकास कार्यों को न कराने की शिकायत प्रधानों ने जिलाधिकारी से की थी। डीएम के निर्देश पर जिला पंचायत राज अधिकारी ने सचिव आशुतोष कुमार को निलंबित कर दिया है।

## 30 क्वार्टर शराब समेत एक दबोचा

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर दुर्गविजय सिंह की अगुवाई में दरोगा शम्भू शरण सिंह ने राजेश पुत्र रामदास गिदुराहा के कब्जे से 30 क्वार्टर देशी शराब समेत दबोचा है। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा शम्भूशरण सिंह व सिपाही अमित द्विवेदी शामिल रहे।

# भटके बालक को पुलिस ने परिजनों के किया सुपुर्द

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपहृतों/गुमशुदा की बरामदगी को जारी ऑपरेशन मुस्कान में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी की अगुवाई में पुलिस ने घर से रास्ता भटके बालक को परिजनों के सुपुर्द किया।

ज्ञात है कि मंगलवार को सरधुवा थाने में तैनात दरोगा राजेश कुमार राय व दीवान सुशील कुमार कस्बे में मॉर्निंग वाक पर थे। इस बीच कस्बे में आठ वर्षीय बालक रोता हुआ मिला। बालक को शांत करा उससे नाम-पता पूंछा। उसने मुजाहिद पुत्र वाजिद अली चकरेही थाना कमासिन जिला बांदा बताया। कहा कि रास्ता भटक कर यहां आ गया है। दरोगा राजेश कुमार राय व दीवान सुशील कुमार ने सी-प्लान एप से चकरेही सम्पर्क कर बालक के परिजनों का नम्बर



बालक को परिजनों के सुपुर्द करती पुलिस।

लिया। उनसे सम्पर्क कर थाना सरधुवा बुलाया। बालक के चाचा मोहम्मद अब्बाज पुत्र मुनीर चकरेही कमासिन बांदा थाने आये। बालक को सकुशल उनके सुपुर्द किया। पुलिस की कार्यवाही की परिजनों ने सराहना कर पुलिस का धन्यवाद ज्ञापित किया।



निरीक्षण करते प्रोवेशन अधिकारी।

## सखी वन स्टॉप सेन्टर में पीडिता को मिले मददः जिला प्रोवेशन अधिकारी

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** महिला कल्याण विभाग से संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर का जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज मिश्रा ने निरीक्षण कर सेन्टर में जनकल्याण को जारी पीडिताओं को एक छत के नीचे स्वास्थ्य सुविधा, पुलिस सहायता, विधिक सहायता, काउंसलिंग सुविधा, पांच दिन अल्पावास, खाने की सुविधा देने के निर्देश दिये। मंगलवार को जिला प्रोवेशन अधिकारी पंकज मिश्रा ने सेंटर से घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, आपसी विवाद बाबत पीड़िताओं के सेंटर आने पर दोनों पक्षों की कॉउंसलिंग कर लिखित समझौता कराने को कहा, ताकि दोनों के घर बस सकें। पॉक्सो एक्ट कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिग उत्पीड़न अधिनियम 2013, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, महिला हेल्पलाइन 181 आदि योजनाओं से महिलाओं-बच्चियों की मदद की जाती है। सेन्टर में पारिवारिक मामले भी निस्तारित होते हैं। जो परिवार टूटने के कगार में होते हैं। जिला प्रोवेशन अधिकारी ने कहा कि सेन्टर में आने वाली प्रत्येक पीड़िता को सुविधा मिले। हर पीड़िता की मदद की जाये। निरीक्षण दौरान सेंटर में ड्यूटी रोस्टर अनुसार सेंटर प्रभारी/केस वर्कर रंजीता पाण्डेय, मनोवैज्ञानिक/परामर्शदाता अर्चना साहू, मल्टीपर्पज/चौकीदार अर्चना यादव समेत उपासना श्रीवास्तव मौजूद रही।

## सब्जी मंडी रोड पर गरजा बुल्डोजर, अतिक्रमणकारियों मे मची भगदड़

अखंड भारत संदेश

**राजापुर/चित्रकूट।** तुलसी जन्मस्थली राजापुर के सुन्दरीकरण व दो से 11 अगस्त तक तुलसी जयंती महोत्सव व सावन माह के मद्देनजर सब्जी मंडी रोड व स्मारक रोड में अतिक्रमणकारियों की दुकानों पर बुल्डोजर गरजा। अतिक्रमणकारियों के सड़क पर लगाये सब्जी व्यापारियों को हटाया। हिदायत दी कि दोबारा सड़क पर सब्जी दुकान लगी तो पूरी सब्जी जब्त कर ली जाएगी। सरकारी जमीन खाली करायी।

मंगलवार को ये पूरी कार्यवाही एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार झा की अगुवाई में हुई। बताया गया कि सोमवार को अतिक्रमणकारियों को तीन दिन पहले मुनादी से अवगत कराया था। सरकारी जमीन खाली न हुई तो दो बजे प्रशासन बुल्डोजर से नाली के ऊपर व बाहर जमीन खाली करायेगा। प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज सिंह समेत भारी पुलिस बल मौजूद रहा। एसडीएम प्रमोद कुमार झा की अगुवाई में नायब तहसीलदार राजीव दुबे, ईओ बीएन कुशवाहा ने अतिक्रमण



राजापुर में अतिक्रमण हटाते प्रशासनिक अमला।

हटाओ अभियान चलाये। अभियान के अंत में एसडीएम ने बताया कि तुलसी नगरी के सुन्दरीकरण को केन्द्र व प्रदेश सरकार ने तुलसी जन्म कुटीर विकास को दो करोड रुपये बंधन योजना से निर्गत किये हैं। सरकारी जमीन खाली कराने को अतिक्रमण हटाओ अभियान प्रतिदिन चलाया जायेगा। लोगों से सरकारी जमीन खाली करने को आठ दिन पहले मुनादी कराई थी। दिन बीतने के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया। बुल्डोजर से अवैध कब्जे हटाये गये। अभियान के तहत आने वाला खर्च अतिक्रमणकारियों से वसूला जायेगा। प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह समेत पुलिस बल अतिक्रमण हटाने में नगर पंचायत के कर्मचारी पवन तिवारी, पुरुषोत्तम जाटव, अमित सोनी, रूप सिंह, अमलदार सिंह आदि मौजूद रहे।

## मऊ पुलिस ने परानू बाबा मेले से खींची चैन का किया खुलासा, दो महिला चोर गिरफ्तार, चार चैन बरामद



**मऊ/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ मऊ जयकरन सिंह की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक मऊ विनोद कुमार राय की अगुवाई में पुलिस ने परानू बाबा मेले में हुई चोरी का खुलासा कर दो महिला चोरों के कब्जे से पीली धातु की चोरी की चार जंजीर समेत गिरफ्तार किया। ज्ञात है कि 19 जुलाई को मऊ थाने के परानू बाबा आश्रम से दो महिलाओं के गले से सोने की जंजीर खींची गई थी। इस बाबत थाने में मामला दर्ज था। प्रभारी निरीक्षक ने घटना के खुलासे को दरोगा रामकृत यादव को निर्देश दिये थे। दरोगा की टीम ने मुखबिर की सूचना पर बुदली पत्नी दुर्गा व शिवकुमारी पत्नी धर्मवीर निवासी बेरुई थाना सरायं अकिल जिला कौशाम्बी को गिरफ्तार किया। जामा तलाशी में चार सोने की जंजीर बरामद की। पूंछतांछ में आरोपियों ने बताया कि वे जीविकोपार्जन को चोरी करते हैं। परानू बाबा मेले से 19 जुलाई तथा पहले चार महिलाओं के गले से सोने की चैन खींची थी। कब्जे से जंजीर बरामदगी पर धारायें बढाई। टीम में दरोगा रामकृत यादव, दरोगा यूटी दिव्यांश पाण्डेय, महिला सिपाही पल्लवी व सिपाही मनीष यादव शामिल रहे।

# नाबालिग से छेड़छाड़ आरोपी दबोचा



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्रीमती रीता सिंह की अगुवाई में पुलिस ने नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोपी को गिरफ्तार किया। ज्ञात है कि पांच मई 2024 को पीड़िता ने थाने में रिपोर्ट लिखाई कि बुंदेला पुत्र रामध्वज निषाद रइयापुरवा मजरा गढ़ीघाट ने उसके साथ छेड़छाड़ की है। उलाहना देने पर उसके माता-पिता को गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने छेडछाड, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी व पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। प्रभारी निरीक्षक ने मामले की विवेचना व आरोपी की गिरफ्तारी को दरोगा अवधनारायण को निर्देश दिये। दरोगा की टीम ने मंगलवार को बुंदेला को गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा अवधनारायण व सिपाही शुभम द्विवेदी शामिल रहे।

## कनाडा में एडमोंटन के बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर में तोड़फोड़




**एडमोंटन।** कनाडा में एक और हिंदू मंदिर को निशाना बनाया गया है। अब एडमोंटन के बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर में तोड़फोड़ की गई है। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन ने बताया कि बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर पर सुबह भारत विरोधी नारे लिखे देखे गए। साथ ही भारतीय मूल के कनाडाई सांसद चंद्र आर्य पर हमला किया गया।

नेपियन संसद सदस्य चंद्र आर्य ने हिंदू-कनाडाई समुदायों के खिलाफ हिंसा की बढ़ती घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त की। आर्य ने एक्स पर कहा, "एडमॉन्टन में हिंदू मंदिर बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर को फिर से तोड़ दिया गया है। पिछले कुछ सालों से 'ग्रेटर टोरंटो एरिया, ब्रिटिश कोलंबिया और कनाडा के अन्य स्थानों में भारत विरोधी नारे के साथ तोड़फोड़ की जा रही है।"

सांसद आर्य ने पोस्ट में खालिस्तान समर्थक चरमपंथियों को मिली छूट की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा, "जैसा कि मैं हमेशा से कहता रहा हूं, खालिस्तानी चरमपंथी नफरत और हिंसा की अपनी सार्वजनिक बयानबाजी से आसानी से बच निकलते हैं। मैं एक बार फिर से बोलना चाहता हूं, हिंदू कनाडाई सच में परेशान हैं। मैं फिर से कनाडा की कानून प्रवर्तन एजेंसियों से इस मुद्दे को गंभीरता से लेने का आह्वान करता हूं। इससे पहले कि ये बयानबाजी हिंदू कनाडाई लोगों के खिलाफ हमलों में तब्दील हो जाए।"

उल्लेखनीय है कि पिछले साल विंडसर में एक हिंदू मंदिर को भारत विरोधी भित्तिचित्रों से क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। इसकी व्यापक निंदा हुई थी।

## क्रोएशिया के बुजुर्ग देखभाल केंद्र में हमलावर ने छह लोगों की हत्या की




**जाग्रेब।** मध्य क्रोएशिया में बुजुर्गों के एक देखभाल केंद्र में सोमवार को एक सशस्त्र हमलावर ने गोलीबारी की, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हुए हैं। क्रोएशिया की पुलिस ने यह जानकारी दी क्रोएशिया के पुलिस प्रमुख निकोला मिलिना ने बताया कि पांच लोगों की तुरंत मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति की अस्पताल में मौत हुई। उन्होंने बताया कि संदिग्ध व्यक्ति घटनास्थल से भाग गया, लेकिन पुलिस ने जल्द ही उसे दारुवर शहर में एक कैफे से पकड़ लिया। मिलिना ने बताया कि मृतकों में, देखभाल केंद्र में रहने वाले पांच लोग और एक कर्मचारी शामिल है। पुलिस ने बताया कि उसे सोमवार सुबह हमले की सूचना मिली। क्षेत्रीय पुलिस कार्यालय द्वारा जारी बयान में कहा गया कि संदिग्ध व्यक्ति पुलिस की हिरासत में है

एन1 क्षेत्रीय टेलीविजन ने बताया कि हमलावर एक पूर्व पुलिसकर्मी है, जिसने क्रोएशिया के 1991-95 के युद्ध में भाग लिया था। मीडिया में आई खबरों में कहा गया है कि मारे गए लोगों में से एक उसकी मां थी और वह पिछले 10 वर्षों से देखभाल केंद्र में रह रही थीं। क्रोएशिया के राष्ट्रपति जोरान मिलानोविच ने कहा कि वह इस घटना से स्तब्ध हैं। अधिकारी हमले के कारणों की जांच कर रहे हैं।

## माली: हिंसक हमले में कम से कम 26 ग्रामीणों की मौत -



**बमाको:** माली के मध्य क्षेत्र में बुर्किना फासो की सीमा के पास एक गांव पर एक सशस्त्र समूह द्वारा हमला किए जाने के बाद कम से कम 26 लोग मारे गए. एक सरकारी अधिकारी ने सोमवार को बताया कि संघर्ष प्रभावित क्षेत्र में यह नवीनतम हिंसक हमला है

बैंकास शहर के मेयर मौलये गुइंडो ने बताया कि हमलावरों ने रविवार शाम को डेम्बो गांव में उस समय ग्रामीणों पर हमला किया, जब उनमें से अधिकांश अपने खेतों में काम कर रहे थे.

मध्य माली में ऐसे हमले लगातार बढ़ रहे हैं, क्योंकि देश की सैन्य सरकार भी उत्तरी क्षेत्र में हिंसा को रोकने के लिए संघर्ष कर रही है.

रविवार के हमले की जिम्मेदारी किसी भी समूह ने नहीं ली है. हालांकि, इसका दोष जेएनआईएम पर आ गया. ये अल-कायदा से जुड़ा एक चरमपंथी समूह है. ये अक्सर इसी तरह से क्षेत्र के ग्रामीणों को निशाना बनाता है. इस घटनाक्रम में जुलाई में हुआ हमला भी शामिल है जब विद्रोहियों ने एक विवाह समारोह पर हमला किया था और कम से कम 21 लोगों की हत्या कर दी थी.


**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।


# इमरान की पार्टी के खिलाफ सेना ने खोला मोर्चा, बताया अवैध राजनीति माफिया



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान में सेना की मजबूत पकड़ और सत्ता प्रतिष्ठान से उसकी राजनीतिक जुगलबंदी एक बार फिर सतह पर आ गई है। पाकिस्तान की सरकार ने सेना को गिलगित-बाल्टिस्तान सहित कई प्रांतों में ऑपरेशन अजम-ए-इस्तेहकम के माध्यम से एक नए सिरे से सक्रिय और आतंकवाद विरोधी अभियान से निपटने के लिए मंजूरी दी है। इसका पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की तहरीक ए इंसाफ पार्टी (पीटीआई) खुलकर विरोध कर रही है। सेना की तरफ से भी पीटीआई के खिलाफ मोर्चा खोल दिया गया है। पाकिस्तान की सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ ने सोमवार को देरशाम रावलपिंडी में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए पीटीआई का नाम लिए बिना कहा कि संगठित राजनीतिक माफिया आतंकियों के सफाये और आर्थिक विकास के उद्देश्य से शुरू किए गए एक नए आतंकवाद-रोधी अभियान 'अज्म-ए-इस्तेहकाम' के बारे में गलत सूचना फैला रहे हैं । दरअसल पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पीटीआई ने ऑपरेशन अज्म-ए-इस्तेहकम का कड़ा विरोध किया है।

पीटीआई ने कहा कि खैबर पख्तूनख्वा में किसी भी सैन्य हस्तक्षेप का कड़ा विरोध किया जाएगा। इस्लामाबाद में आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक के दौरान खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गुंदापुर, पीटीआई अध्यक्ष बैरिस्टर गौहर अली खान और असद कैसर सहित कई नेताओं ने सरकार के ऑपरेशन अज्म-ए-इस्तेहकाम से पैदा होने वाली परिस्थितियों का आकलन किया।। पार्टी के सदस्यों ने इस बात पर एकजुटता व्यक्त की है कि अगर खैबर पख्तूनख्वा में किसी भी तरह से कोई सैन्य कार्रवाई की जाती है तो पीटीआई उसका विरोध करेगी। ऑपरेशन अजम-ए-इस्तेहकम के खिलाफ असंतोष को अन्य राजनीतिक संस्थाओं ने भी दोहराया। पीटीआई नेताओं ने कहा कि ऑपरेशन अजम-ए-इस्तेहकम पाकिस्तान की सुरक्षा को मजबूत करने के बजाय उसकी कमजोरियों को बढ़ा सकता है।

पाकिस्तान की संसद में अब सबसे बड़ी पार्टी के रूप में मान्यता मिल जाने के बाद पीटीआई के इस विरोध ने सेना और सरकार के सामने चुनौती खड़ी कर दी है। इसी के बाद सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ ने कहा कि अजम-ए-इस्तेहकम को विफल करने के लिए बड़े एक विशाल अवैध राजनीतिक माफिया खड़ा हो गया है और उस माफिया का पहला कदम झूठे और फर्जी तर्कों के माध्यम से अभियान को विवादास्पद बनाना है। अज्म-ए-इस्तेहकाम को लेकर उन्होंने कहा कि यह कोई सैन्य अभियान नहीं है बल्कि एक आतंकवाद-रोधी पहल है जिसका उद्देश्य आर्थिक विकास और स्थिरता को बढ़ावा देना है।

# कमला हैरिस का ट्रंप पर बड़ा आरोप, बताया- धोखेबाज, जालसाज और दुर्व्यवहार करने वाला इंसान



**वाशिंगटन :** अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने सोमवार को राष्ट्रपति चुनाव 2024 के लिए प्रचार अभियान की शुरूआत की. इस दौरान उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप पर व्यक्तिगत हमला करते हुए उन्हें धोखेबाज, जालसाज और महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार करने वाला इंसान बताया. हैरिस ने कहा कि उनका दृष्टिकोण भविष्य पर केंद्रित है जबकि ट्रंप का अतीत पर. हैरिस ने विलमिंगटन, डेलावेयर में जोरदार तरीके से अपनी बात रखी. इस दौरान राष्ट्रपति जो बाइडेन फोन पर शामिल हुए, जहां वे कोविड-19 संक्रमण से उबर रहे हैं.

हैरिस ने बाइडेन के स्टाफ को ही अपने अभियान में लगाया है. बाइडेन ने भी अपने स्टाफ से हैरिस के लिए दिल से काम करने की अपील की. हैरिस के अभियान ने केवल 24 घंटे में 81 मिलियन डॉलर जुटाए हैं. डेमोक्रेट उत्साहित दिख रहे हैं और पहली प्रेसिडेंशियल डिबेट में बाइडेन के खराब प्रदर्शन के बाद अब कमला हैरिस के पीछे खड़े हैं. 20000 से अधिक नए वालंटियर अभियान में जुड़ गए हैं. हैरिस ने अपने भाषण में एक जिला अदालत से लेकर कैलिफोर्निया के अटॉर्नी जनरल बनने तक के अपने करियर को याद करते हुए कहा, "मैंने उन लोगों का सामना किया जो महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार करते हैं, ऐसे धोखेबाज जो कंज्यूमर्स को लूटते हैं, जो अपने लाभ के लिए नियम तोड़ते हैं. इसलिए, मेरी बात सुनिए क्योंकि मैं डोनाल्ड ट्रंप टाइप लोगों को जानती हूं."

हैरिस ने कहा, "जब मैं कैलिफोर्निया में अल्मेडा काउंटी डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी के कार्यालय में थी, तब एक युवा अभियोजक के रूप में मैंने यौन शोषण से जुड़े मामलों में विशेषज्ञता हासिल की. डोनाल्ड ट्रंप को यौन शोषण के लिए जूरी द्वारा दोषी पाया गया है." उन्होंने कहा, "अटॉर्नी जनरल के रूप में मैंने कैलिफोर्निया में लोगों को धोखा देकर लाभ कमाने वाले कॉलेजों को बंद कराया. डोनाल्ड ट्रंप ऐसा ही एक कॉलेज ट्रम्प यूनिवर्सिटी चलाते थे, जिसे छात्रों को ठगने के लिए 25 मिलियन डॉलर का भुगतान करना पड़ा."

2007-2008 के वित्तीय संकट का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, "मैंने बड़े वॉल स्ट्रीट बैंकों से मुकाबला किया और कैलिफोर्निया के परिवारों के लिए 20 बिलियन डॉलर जीते. उन बैंकों को धोखाधड़ी के लिए जिम्मेदार ठहराया. डोनाल्ड ट्रंप को हाल ही में धोखाधड़ी के 34 मामलों में दोषी पाया गया है."

हैरिस ने ट्रंप के साथ मुकाबले को अमेरिका के लिए दो विपरीत धाराओं की लड़ाई के रूप में परिभाषित किया. "कोई गलती न करें, यह सब कहने के बाद भी यह अभियान केवल मेरे और डोनाल्ड ट्रंप के बारे में नहीं है. हमारा अभियान हमेशा से देश के भविष्य को लेकर है. उनका अभियान अतीत पर केंद्रित है."

उन्होंने कहा कि ट्रंप देश को पीछे ले जाना चाहते हैं जब हमारे साथी अमेरिकियों को पूर्ण स्वतंत्रता और अधिकार नहीं थे. हम एक ऐसे उज्जवल भविष्य में विश्वास करते हैं जो सभी अमेरिकियों के लिए जगह बनाए. हम एक ऐसे भविष्य में विश्वास करते हैं जहां हर व्यक्ति को न केवल गुजर-बसर करने का बल्कि आगे बढ़ने का मौका मिले. जहां किसी भी बच्चे को गरीबी में बड़ा न होना पड़े; जहां हर व्यक्ति घर खरीद सके, परिवार शुरू कर सके और पैसे कमा सके. यही भविष्य है. हम साथ मिलकर एक ऐसे राष्ट्र का निर्माण करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं जहां हर व्यक्ति के पास स्वास्थ्य सेवा हो, हर कर्मचारी को उचित वेतन मिले और हर वरिष्ठ नागरिक सम्मान के साथ रिटायर हो सके. इन सबका मतलब यह है कि मध्यम वर्ग का निर्माण मेरे राष्ट्रपति पद का एक निर्णायक लक्ष्य होगा. हैरिस ने कहा, "जब हमारा मध्यम वर्ग मजबूत होता है, तो अमेरिका मजबूत होता है. भविष्य के लिए हमारी लड़ाई स्वतंत्रता की लड़ाई भी है."

## भारत के बजट में नेपाल को 700 करोड़ और भूटान को 2067 करोड़ रुपये का मिला अनुदान



**काठमांडू।** भारतीय संसद में मंगलवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के पेश किए गए आम बजट में पड़ोसी देशों के लिए भी अनुदान की घोषणा की गई है। इसमें सबसे अधिक अनुदान भूटान के लिए और दूसरे नंबर पर नेपाल के लिए अनुदान की घोषणा की गई है।

वित्त मंत्री ने संसद में बजट पेश करते हुए कहा कि मोदी सरकार की नेवरहुड फर्स्ट पॉलिसी के तहत पड़ोसी देश के लिए अनुदान देने का प्रस्ताव है। बजट में नेपाल को 700 करोड़ रुपये देने का प्रस्ताव है। नेपाल को दिए जाने वाले अन्य आर्थिक सहयोग के अलावा वित्त वर्ष 2024-2025 के लिए सलाना दिए जाने वाले आर्थिक अनुदान में यह रकम देने की बात कही गई है।

पिछले साल यानी वित्त वर्ष 2023-2024 में नेपाल के लिए 550 करोड़ रुपये देने की घोषणा की गई थी। हालांकि, बाद में संशोधन कर इसको 650 करोड़ रुपये कर दिया गया था। इस तरह पिछले साल की तुलना में इस बार 50 करोड़ रुपये अधिक अनुदान की घोषणा की गई है। भारत के पड़ोसी देशों में सबसे अधिक आर्थिक अनुदान लेने में नेपाल दूसरे नंबर पर है।

भारत से आर्थिक अनुदान लेने वाले में सबसे आगे भूटान है। आज संसद में पेश हुए बजट में भूटान को 2067 करोड़ रुपये देने की घोषणा की गई है। बजट में भूटान को आर्थिक अनुदान के रूप में 1078 रुपये और 989 करोड़ रुपये का ऋण देने की बात कही गई है।

## नेपाल : बारिश और भूस्खलन के कारण 9 राजमार्ग अवरुद्ध



**काठमांडू।** नेपाल में बाढ़ और भूस्खलन के कारण देश के नौ राजमार्ग पूरी तरह से अवरुद्ध हो गए हैं जबकि 159 सड़क खंड पर एकतरफा यातायात परिचालन किया जा रहा रहा है। सड़क विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में नौ राजमार्ग जगह जगह पहाड़ों से बडे.बडे.पत्थर और मलबा गिरने से पूरी तरह से अवरूद्ध हो गए हैं विभाग के अनुसार डुम्रे-बेंसीशहर-चामे, तानसेन-रेडी-कोरला, पुष्पलाल (मध्यपहाड़ी) राजमार्ग, बागलुंग और डोटी को जोड़ने वाला राजमार्ग पूरी तरह से अवरुद्ध है। सड़क विभाग के मुताबिक जगह-जगह भूस्खलन हटाने का काम जारी है। विभाग ने बाढ़ और भूस्खलन जैसी मानसूनी आपदाओं के कारण रात में यात्रा न करने की सलाह दी है।

जल और मौसम विज्ञान विभाग के तहत मौसम पूवार्नुमान प्रभाग ने सूचित किया है कि अगले 24 घंटे में कोशी, बागमती, गंडकी, लुंबिनी और सुदुरपश्चिम प्रांतों के कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है। इसके कारण इन प्रांतों की नदियों में बाढ़ का खतरा है। इन क्षेत्रों में लोगों को सुरक्षित स्थान पर रहने और अत्यावश्यक कार्य से ही यात्रा पर निकलने की सलाह दी गई है।

भारी बारिश की वजह से इन क्षेत्रों में होने वाली अचानक बाढ़, भूस्खलन और कटाव जैसी आपदाओं के जोखिम या क्षति से बचने के लिए स्थानीय प्रशासन की तरफ से भी अलर्ट जारी किया गया है। विभाग ने सूचना प्रकाशित कर इन क्षेत्रों में पर्यटन, पर्वतारोहण, सड़क और हवाई परिवहन सहित दैनिक जन जीवन प्रभावित होने की संभावना के कारण आवश्यक सावधानी बरतने का अनुरोध किया है।

## फिक्की ने कहा-बजट समावेशी, रोजगार सृजन और कौशल विकास पर दिया गया जोर

**नई दिल्ली।** भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) ने कहा कि केंद्रीय बजट समावेशी है, जिसमें गुणवत्तापूर्ण रोजगार सृजन और कौशल विकास पर जोर दिया गया है। ये बजट कृषि और विनिर्माण के बीच संतुलन बनाता है, जिसमें सेवाओं के तत्व भी शामिल हैं।

# नेपाल के कैलाली में अस्पताल के नाम लीज पर ली जमीन पर बना दिया चर्च

**काठमांडू।** नेपाल के कैलाली जिले के धनगढी में अस्पताल के नाम पर जमीन लीज पर लेकर चर्च बनाने का खुलासा हुआ है। धनगढी के प्रभाकर भण्डारी की जमीन अस्पताल बनाने के लिए लीज पर लेकर उस पर बनाए गए भवन में चर्च की गतिविधि शुरू करने की शिकायत स्थानीय प्रशासन में की गई है।

धनगढी नगरपालिका में दर्ज की गई शिकायत के मुताबिक नेपाल लाइफ वर्ल्ड मिशन के तहत स्कीन हॉस्पिटल लेट मी इन खोलने के लिए जमीन लीज पर लेकर भवन बनाया गया था। वर्ल्ड मिशन नामक संस्था कोरियाई संस्था है। यह विदेशों में धर्मांतरण कराने के लिए कुख्यात है। शिकायत के मुताबिक, लीज डीड में अस्पताल खोलने के साथ ही इसमें सेमिनार और प्रशिक्षण करने का उल्लेख भी था। इसी का फायदा उठाकर वहां चर्च की गतिविधि शुरू की गई है।

जमीन के मालिक प्रभाकर भण्डारी ने जमीन वापस दिलाने के लिए अर्जी दी है। स्थानीय लोगों ने भी शिकायत दर्ज कराई है कि जिस मोहल्ले में एक भी ईसाई नहीं रहता है वहां पर चर्च बनाने की क्या आवश्यकता है। लोगों की शिकायत यह भी है कि कथित चर्च में साप्ताहिक प्रार्थना और अन्य दिनों में चर्च संबंधी सेमिनार होते रहते हैं।

आसपास के लोगों को प्रलोभन देकर वहां ले जाया जाता है। इस भवन में दो कोरियाई नागरिक भी रहते हैं। यह आसपास के गांवों में इलाज के नाम पर जाते हैं और धर्मांतरण की कोशिश करते हैं।



शिकायत के बाद धनगढी नगरपालिका ने इस संस्था को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। धनगढी के मेयर गोपी हमाल ने कहा कि नेपाल लाइफ वर्ल्ड मिशन को पत्र लिख कर 24 घंटे के भीतर लिखित जवाब देने को कहा गया है। नगरपालिका के पतिर में जमीन से संबंधित सभी कागजात, संस्था के कामट कार्रवाई के बारे में रहे सभी दस्तावेज और उस भवन में होने वाली गतिविधि के बारे में 24 घंटे के भीतर जवाब देने को कहा है।